

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 308

ग्वालियर, गुरुवार 28 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## सुप्रीम कोर्ट से विपक्ष को झटका, सुप्रीम कोर्ट की दो टूक ... ईडी को गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने का अधिकार

### मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में कोई खामी नहीं

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारों और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया हैं कि ईडी को गिरफ्तारी का अधिकार है। अदालत ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग एक स्वतंत्र अपराध है, इसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में कोई खामी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी और पीएमएलए को लेकर दायर 240 याचिकाओं पर सुनवाई कर आदेश दिया। अदालत ने कहा कि 2018 में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में जो बदलाव किए गए थे, वह सही हैं। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एजेंसी की ओर से गिरफ्तारी करने और आरोपियों से पूछताछ करने में कुछ भी गलत नहीं है।

याचिकाकर्ताओं की एक और मांग पर शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी ने कोई शिकायत दर्ज की है, तब उसकी कॉपी आरोपी को देना जरूरी नहीं है। इसके अलावा सीबीआई या अन्य किसी एजेंसी की ओर से बंद किए गए मामले को भी ईडी अपने हाथ में लेकर जांच कर



सकती है। इसके अलावा प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में मनी बिल के तहत बदलाव किए जाने के सवाल को अदालत ने 7 जजों की बेंच के सामने भेजने का फैसला लिया है। दायर की गई याचिकाओं में ईडी की ओर से रेड, गिरफ्तारी के अधिकारी, संपत्ति को जब्च करने और बेल की कठिन शर्तों पर विचार करने की अपील की गई थी। जस्टिस ए.एम खानविल्कर की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि ईडी की ओर से गिरफ्तारी किया जाना मनमानी नहीं है। अदालत ने ईडी ओर से संपत्ति जब्त करने को सही करार देकर कहा कि गलत ढंग से पैसा कमाने वाले लोग इसका इस्तेमाल न कर सकें। इसलिए ऐसा अधिकार ईडी के पास है। जमानत की दो कड़ी शर्तों को भी सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आरोपी को दो शर्तों पर ही बेल मिलती है। ये शर्तें हैं कि मामले में दोषी न होने के समर्थन में कुछ सबूत मिलें और यह भरोसा हो कि आरोपी निकलने के बाद कोई दूसरा अपराध नहीं करेगा। ईडी की ओर से दर्ज की जाने वाली रिपोर्ट एन्फोर्समेंट केस इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट को लेकर भी अदालत ने अहम फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह ईडी का आंतरिक दस्तावेज है और उसे आरोपी को दिया जाना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि शुरुआती दौर में ईडी की ओर से आरोपी को गिरफ्तारी का आधार बताना काफी होगा।

## सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान घायल

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के काठपोरा इलाके में बुधवार की सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ के दौरान एक जवान घायल हो गया है। 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की खबर है। सेना और पुलिस ने आतंकियों को घेर रखा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जानकारी दी है कि कुलगाम में आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी है। सेना और पुलिस दोनों इस ऑपरेशन में साथ में मौजूद हैं। बता दें की बीते 24 जुलाई को भी कुलगाम के रामपोरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। वहीं कुछ दिन पूर्व आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में भर्ती हुए दो नवयुवकों से उनके माता-पिता द्वारा की गई भावुक अपील के बाद उन्होंने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। नदीम अब्बास भट (18) और काफिल मीर (19) एक पखवाड़े पहले ही लश्कर-ए-तैयबा में शामिल हुए थे। अधिकारियों के अनुसार नदीम अब्बास भट कैमोह के राशिपुरा का और काफिल मीर मीरपुरा का निवासी थे। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस एवं सेना ने कुलगाम जिले के हादीगाम इलाके में एक घेराबंदी की थी, जहां उन्हें दो आतंकवादियों के छिपे होने का अंदेशा था। आधी रात को कुछ देर तक मुठभेड़ चली और सुरक्षाबलों ने उस मकान की घेराबंदी मजबूत कर दी। इस दौरान पता चला कि इन दोनों आतंकियों की नई भर्ती हुई है। इसके बाद उनके माता-पिता को बुलाया गया और उनसे अपील कराई गई, जिसके बाद दोनों ने सरेंडर कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जनवरी से लेकर 23 जुलाई तक घाटी में 118 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। इनमें 32 विदेशी आतंकी भी शामिल हैं। आईजीपी कश्मीर के मुताबिक 118 आतंकियों में से 77 लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे। 26 आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के थे।



## शिंदे इतने से ही संतुष्ट होने वाले नहीं, कल वह प्रधानमंत्री पद पर दावा कर पैदा करेंगे भाजपा में परेशानी : उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इन दिनों अपनी पार्टी शिवसेना पर पकड़ बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। हाल ही में एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना विधायकों में हुई टूट के लिए बाद उन्हें सीएम की गद्दी छोड़ने पर मजबूर होने पड़ा था। इस बीच उन्होंने संजय राउत को पार्टी के मुखपत्र सामना के लिए एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने बागी एकनाथ शिंदे और भाजपा नेता देवेंद्र फडनवीस से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के बारे में विस्तार से बातचीत की। फडनवीस को राज्य का सीएम नहीं बनाए जाने पर उद्धव ठाकरे ने हैरानी जताई। उन्होंने कहा देवेंद्र फडनवीस के साथ भाजपा ने ऐसा बर्ताव क्यों किया, यह मेरी भी समझ से परे है।

वह भाजपा का अंदरूनी मामला है। उनकी पार्टी के पुराने परिचित निष्ठावान, उस वक्त हमारे साथ युति में शामिल अनेक नेता आज भी मेरे संपर्क में हैं। पर वे निष्ठापूर्वक भाजपा के साथ हैं। उनको लेकर मुझे ऐसी गलतफहमी पैदा नहीं करनी है कि उन्हें शिवसेना के साथ आना है। मैं बेवजह ऐसा खोखला दावा करूंगा भी नहीं। लेकिन उन्हें मौजूदा हालात पच नहीं रहे हैं। फिर भी वे निष्ठा से भाजपा के काम कर रहे हैं।

एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने पर उद्धव ठाकरे ने कहा यहां बाहरी लोगों को सब कुछ दिया गया। उनके सिर पर बाहर के लोगों को बिठाया गया। उस समय ऊपरी सदन में विरोधी पक्ष नेता के तौर पर बाहर का व्यक्ति। अब मुख्यमंत्री सहित अन्य पदों पर भी बाहर के ही लोग बिठाए गए हैं, फिर भी वे निष्ठापूर्वक काम कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कहा हर पाप का घड़ा भरता है। कल ये महाशय (एकनाथ शिंदे) खुद को नरेंद्र भाई मोदी समझेंगे और प्रधानमंत्री पद पर दावा करेंगे। भाजपाइयो सावधान! उद्धव ठाकरे ने कहा महाविकास आघाड़ी का प्रयोग गलत नहीं था। लोगों ने स्वागत ही किया था। वर्षा छोड़कर जाते समय महाराष्ट्र में अनेकों के आंसू बहे। किस मुख्यमंत्री को ऐसा प्यार मिला है? उन आंसुओं का मोल मैं व्यर्थ नहीं जाने दूंगा। फ्लोर टेस्ट के सवाल पर उद्धव ठाकरे ने कहा मुझे लगातार यह महसूस कराया जाता था कि कांग्रेस दगा देगी और पवार साहेब पर तो बिल्कुल भी विश्वास नहीं किया जा सकता है। वे ही आपको गिराएंगे, ऐसा ही सब कहते थे। अजीत पवार के बारे में भी मेरे पास आकर बोलते थे। हालांकि मुझे मेरे ही लोगों ने दगा दिया। फिर सदन में एक व्यक्ति ने भी मेरे विरुद्ध वोट दिया होता, तो वह मेरे लिए लज्जास्पद होता।

उद्धव ने कहा अगर उन्होंने आखिरी वक्त में भी ठीक से कहा होता तो भी सब कुछ सम्मानजनक ढंग से हो गया होता। एकदम आखिरी क्षण में भी मैंने इन विश्वासघातियों से यह पूछा भी था कि आपको मुख्यमंत्री बनना है क्या? ठीक है न, हम बात करते हैं। हम कांग्रेस-राष्ट्रवादी से बात करेंगे।

## 12 घंटे में ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछे 100 सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ पूरी हो गई है। नेशनल हेराल्ड मामले में तीसरे दिन कांग्रेस प्रमुख से करीब 3 घंटे तक सवाल पूछे किए गए। खबर है कि अगला समन जारी होने तक सोनिया गांधी को केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं होना होगा। खबर हैं कि ईडी ने तीन दिनों के दौरान करीब 12 घंटों में सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल पूछे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें आगे पेशी पर नहीं बुलाया जाएगा। हालांकि, रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से यह कहा जा रहा है कि जांच एजेंसी जरूरत पड़ने पर समन जारी करेगी । सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि कांग्रेस प्रमुख जल्दी जवाब दे रही हैं। खबर है कि तीन दिनों के दौरान जांच एजेंसी ने सोनिया से अहम सवाल पूछ लिए हैं। वहीं, राहुल से ईडी ने 5 दिनों के दौरान करीब 150 सवाल पूछे थे। वहीं बुधवार को सोनिया से पूछताछ का विरोध कर रहे कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसद मनीष तिवारी सहित कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इधर, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था, उन्होंने राहुल गांधी को 5 दिनों तक बुलाया... अब उन्होंने सोनिया गांधी को तीसरी बार बुलाया है। ईडी ने देश में आतंक का माहौल बनाया है।



## यूपी में योगी सरकार नए उद्योगों के साथ पुराने औद्योगिक क्षेत्रों का कर रही कायाकल्प

**लखनऊ।** यूपी के नए उद्योगों के साथ पुराने औद्योगिक क्षेत्रों का भी कायाकल्प हो रहा हैं। इसके लिए योगी सरकार की ओर से छह सौ करोड़ खर्च कर बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने और निवेश बढ़ाने के लिए जल्द ही की नई नीति भी आने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार, नए औद्योगिक स्थानों के विकास के लिए चार जिलों प्रयागराज, प्रतापगढ़, अलीगढ़ और महोबा में 50 करोड़, अयोध्या में सीपेट केंद्र के निर्माण और संयंत्रों के लिए 30 करोड़, जिला उद्योग एक उद्यम केंद्रों के आधुनिकीकरण और उच्चीकरण के लिए पांच करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। साथ ही 20 करोड़ की लागत से औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं



के उच्चीकरण के लिए पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष करीब चार गुना अधिक राशि खर्च की जा रही है। इसी प्रकार क्लस्टर विकास योजना और पुराने औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने जानकारी देकर कहा कि योगी सरकार नए उद्योगों के साथ पुराने और पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा अधिक से युवाओं को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा विकल्पों पर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अपने ड्रीम प्रोजेक्ट ओडीओपी पर पिछले साल की अपेक्षा दोगुना खर्च कर रहे हैं। ओडीओपी की ब्रांडिंग के लिए इस साल 46.25 करोड़ रुपये खर्च कर रही हैं। जबकि पिछले वर्ष इसके लिए 28.90 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इस प्रकार श्रम सम्मान योजना की सफलता को देखकर योगी सरकार पांच गुना अधिक खर्च कर रही है। पिछले वर्ष 20.40 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। जबकि अब 112.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

## लालू यादव के करीबी पूर्व विधायक भोला यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी और राजद के पूर्व विधायक भोला यादव को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। भोला यादव की गिरफ्तारी केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई द्वारा दिल्ली में की गई है। सीबीआई ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने संबंधित मामले में सीबीआई द्वारा यह पहली गिरफ्तारी की गई है। भोला यादव की गिरफ्तारी दिल्ली में हुई है। इसके साथ ही बुधवार को देश के अलग-अलग चार लोकेशनों पर सीबीआई द्वारा छापेमारी की जा रही है। भोला यादव की दिल्ली में हुई गिरफ्तारी के बाद बिहार के दरभंगा जिला स्थित उनके आवास पर छापेमारी की भी खबरें सामने आ रही हैं।

## तीसरी वंदे भारत ट्रेन 12 अगस्त को परीक्षण के लिए रवाना होगी, नवंबर से द.भारत में एक खास रूट पर चलने की संभावना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 सप्ताह में 75 वंदे भारत ट्रेने चलाने के सपने को साकार करने के लिए, तीसरी वंदे भारत ट्रेन 12 अगस्त को चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) से परीक्षण के लिए रवाना होगी है। ट्रेन के नवंबर से दक्षिण भारत में एक खास रूट पर चलने की संभावना है। रेलवे सूत्रों ने कहा कि सेमी हाई स्पीड (160-200 किलोमीटर प्रति घंटा) वंदे भारत का परीक्षण 15 अगस्त से पहले शुरू होगा। हालांकि इसकी पुष्टि होनी बाकी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी चेन्नई से ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। ट्रेन का ट्रायल राजस्थान के कोटा से मध्य प्रदेश के नागदा सेक्शन तक जाएगा। ट्रेन की ट्रायल स्पीड 100 से 180 किमी प्रति घंटा होगी। दो-तीन परीक्षणों की सफलता के बाद, नई वंदे भारत ट्रेन व्यावसायिक रूप से चलाने के लिए उपयुक्त होगी। रेलवे का दावा है कि मोदी की घोषणा के अनुरूप 15 अगस्त 2023 तक वंदे भारत की 75 ट्रेनें पटरियों पर दौड़ना शुरू कर देंगी।



## भारी बारिश, भूस्खलन की वजह से फिर रोकनी पड़ी अमरनाथ यात्रा

**श्रीनगर।** लगातार हो रही वर्षा और भूस्खलन की वजह से अमरनाथ यात्रा को एक बार फिर रोकना पड़ा है। यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ है, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है। रामबन के बनिहाल इलाके में दो जगहों पर भूस्खलन हुआ है। इसके बाद जम्मू-श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया गया है। पहाड़ों से पत्थर गिरने की वजह से जम्मू से अमरनाथ यात्रियों का जत्था रामबन के चद्रंकोट में एहतियातन रोक दी गई है।

राहत और बचाव टीमों को रास्ता साफ करने में लगाया गया है। जम्मू कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि पहाड़ों से पत्थर गिरने के वजह से



रामबन के मेहड में एनएच-44 पर ट्रैफिक रोक दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि जब तक अनुमति नहीं दी जाए, आगे न बढ़ें। इससे पहले, मंगलवार दोपहर को पवित्र अमरनाथ गुफा के आसपास पहाड़ों पर भारी बारिश हुई थी, जिसके बाद अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। कई जगहों पर पहाड़ों से पानी तेजी से नीचे आने लगा। इसके बाद अधिकारियों ने तुरंत यात्रियों को अलर्ट करके वहां से निकाला और पंजतरणी कैंप में पहुंचाया। अधिकारियों के मुताबिक, इस दौरान जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया जाता है कि करीब 4 हजार यात्रियों को वहां से निकाला गया है। भारी बारिश के बीच अचानक आई बाढ़ से लोगों में 8 जुलाई की यादें ताजा हो गई थीं, जब पवित्र गुफा के पास बादल फटने के बाद बाढ़ में 15 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 55 अन्य घायल हो गए थे। इस बाढ़ में गुफा के आसपास लगे टैंट और लंगर बह गए थे। छह दिनों तक राहत और बचाव कार्य चला था। अब तक करीब ढाई लाख लोग अमरनाथ यात्रा में शामिल हो चुके हैं। इसके एक हफ्ते के अंदर तीन लाख का आंकड़ा पार करने की संभावना है।

## खास खबर

### बम धमाके से फिर दहल गया काबुल का गुरुद्वारा, जानमाल की कोई खबर नहीं

**काबुल।** अफगानिस्तान के काबुल में फिर बम ब्लास्ट हुआ है। वहां मौजूद गुरुद्वारे को दुबारा निशाना बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, काबुल में मौजूद गुरुद्वारे के मेन गेट के पास बम धमाका हुआ है। इसी गुरुद्वारे पर पिछले महीने 18 जून को बम धमाका हुआ था, इसमें कई लोगों की जान गई थी। इंडियन वर्ल्ड फोरम के अध्यक्ष पुनीत सिंह चंडोक का इसपर बयान भी आया है। उन्होंने कहा है कि वहां मौजूद सिख और हिंदू समाज के लोग सुरक्षित हैं। घटना के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है। पिछले महीने गुरुदारे पर जो हमला हुआ था उसकी जिम्मेदारी आतंकी संगठन ने ली थी। बाद में तालिबान की सरकार ने इसका भरोसा दिया था कि वे लोग गुरुदारे का रिनोवेशन करने वाले हैं। अफगानिस्तान में अगस्त 2021 के बाद से तालिबान की सरकार है। तालिबान सरकार आने के बाद से सिख समुदाय समेत बाकी अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़े हैं। तालिबान के हमले से पहले ही अफगानिस्तान में कुल 600 के करीब हिंदू और सिख समुदाय के लोग रहते थे। लेकिन तालिबान के कब्जे के बाद इस नंबर में तेजी से और गिरावट आई है। कई लोग वहां से भारत आ गए हैं।

### ब्रिटिश प्रधानमंत्री जॉनसन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को किया सम्मानित

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को 'सर विन्सटन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया तथा संकट के समय में दोनों नेताओं की तुलना की। जेलेंस्की ने जॉनसन के लंदन कार्यालय में समारोह के दौरान वीडियो लिंक के जरिए पुरस्कार स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में चर्चिल के परिवार के सदस्य, यूक्रेन के राजदूत वैदिम प्रिस्तेको और वे यूक्रेनी भी शामिल हुए, जिन्होंने ब्रिटिश सैनिकों से प्रशिक्षण लिया है। जॉनसन ने याद किया कि जेलेंस्की ने कैसे 24 फरवरी को पुष्टि की थी कि रूस ने आक्रमण कर दिया है। उन्होंने कहा, ''सबसे बड़े संकट की घड़ी में आपने अपने तरीके से नेतृत्व की परीक्षा का सामना किया जैसे कि चर्चिल ने 1940 में किया था। जेलेंस्की ने जॉनसन और ब्रिटेन का उनके सहयोग के लिए आभार जताया। उत्तर पूर्वी देश यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जॉनसन पहले पश्चिमी नेता थे जो कीव गए थे। इस माह के शुरू में जॉनसन द्वारा कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद से इस्तीफा देने के बाद जेलेंस्की ने कहा था कि वह इस घटनाक्रम से दुखी हैं।

### फरीदाबाद में तीसरी मंजिल से गिरकर 7 साल के बच्चे की मौत

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के सेक्टर-18 के पास मकान की तीसरे मंजिल के बालकनी की रेलिंग टूटने से सगे भाई नीचे गिर पड़े। हादसे में सात वर्षीय बड़े भाई की मौत हुई। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, हादसे में सोनू (7) की मौत हो गई, जबकि मोनू (5) घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-18 निवासी जितेंद्र कुमार ऑटो चालक हैं और हादसे के वक्त वह और उनकी पत्नी घर के भीतर थे, जबकि दोनों बच्चे, सोनू-मोनू बालकनी में खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि अचानक रेलिंग टूटने से दोनों बच्चे दूसरी मंजिल पर आ गिरे। उन्होंने बताया कि बच्चों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया, जबकि मोनू की हालत नाजुक है। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जेल में बंद कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में भूख हड़ताल कर रहे कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि मलिक के रक्तचाप (बीपी) में उतार-चढ़ाव आ रहा है, जिसके कारण उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने बताया कि मलिक ने अस्पताल के डॉक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि वह इलाज कराना नहीं चाहता है। सूत्र ने कहा, मालिक को बीपी में उतार-चढ़ाव के बाद आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया।'' प्रतिबंधित जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक ने गत शुक्रवार सुबह अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। केंद्र ने रुबैया सईद के अपहरण मामले की सुनवाई में जम्मू की अदालत में मालिक को पेश होने की अनुमति नहीं दी थी, इसके बाद मालिक ने भूख हड़ताल शुरू की। मलिक इस मामले में आरोपी है। मलिक को तिहाड़ की जेल संख्या सात में उच्च जोखिम वाली कोठरी में अकेले रखा गया है। मलिक को जेल के चिकित्सा जांच कक्ष में ले जाया गया था। जहां मालिक को आईवी फ्ल्यूड दिया जा रहा था। जेकेएलएफ प्रमुख मलिक आतंकवाद के वित्त-पोषण के एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है।

न्यूज़ ट्रैक....

## भारत को मिली 2025 महिला विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी

**नई दिल्ली** । भारत ने 2025 महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी हासिल कर ली है। भारतय क्रिकेट बोर्ड बोर्ड बीसीसीआई ने बर्मिंघम में हुए आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान इस मेगा टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की। यह टूर्नामेंट एक दशक से अधिक समय बाद देश में फिर से होगा। इससे पहले भारत में 50 ओवर का एकदिवसीय विश्व कप साल 2013 में आयोजित किया था। तब मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 114 रनों से हराकर खिताब जीता था। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मेजबानी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'हम आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेजबानी करने के इच्छुक थे और हमें खुशी है कि हमें इसकी मेजबानी मिल गई।' वहीं इसके अलावा तीन अन्य आईसीसी महिला टूर्नामेंटों की मेजबानी बांग्लादेश , इंग्लैंड और श्रीलंका को मिली है।

## बीसीसीआई ने भारतीय टीम के त्रिनिदाद पहुंचने का वीडियो जारी किया

**पोर्ट ऑफ स्पेन** । भारतीय क्रिकेट टीम मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले के लिए त्रिनिदाद पहुंच गयी है। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर अकाउंट से टीम के यहां पहुंचने का एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें टीम के कप्तान रोहित शर्मा, दिनेश कार्तिक, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार और आर अश्विन नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में ऋषभ पंत भी टीम होटल में प्रवेश करते दिख रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह रही कि जहां बाकी खिलाड़ियों के हाथ में उनका सामान नजर आया , वहीं है, तो वहीं ऋषभ खाली हाथ नजर आये। उनके कंधे पर बस एक जैकेट और छोटा सा बैग था। उनकी जूते अलग रंग के नजर आ रहे थे।

## बर्मिंघम पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**बर्मिंघम** । राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यहां पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत हुआ है। राष्ट्रमण्डल खेलों की शुरुआत गुरुवार से होगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने भारतीय क्रिकेट टीम का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्टार बल्लेबाज शेफाली सहित सभी खिलाड़ी बर्मिंघम एयरपोर्ट से बाहर निकलती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लिखा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बर्मिंघम पहुंचने की एक झलक। भारतीय टीम को इन खेलों में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बारबाडोस के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। वहीं भारतीय टीम को अपना पहला मुकाबला मेग लैनिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम से 29 जुलाई को खेलना है। सभी मुकाबले टी20 प्रारुप में एजबेस्टन में खेले जाएंगे। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को शामिल किया गया है।

## दो महिला क्रिकेटर संक्रमित हुई

**नई दिल्ली** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की दो सदस्य कोरोना संक्रमण के कारण राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए बर्मिंघम रवाना नहीं हो पायी हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भी टीम की एक सदस्य के संक्रमित होने की बात मानी थी। खेलों से पहले टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में ट्रेनिंग कर रही थी। वहीं भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एक अधिकारी ने कहा, दूसरी खिलाड़ी भी कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई है और यह रवानगी से पहले हुआ। दोनों को ही देश में ही रोक लिया गया है।

### शाम 7 बजे से होगा मैच : अर्शदीप करेंगे पदार्पण , बिश्नोई को मिल सकता है अवसर

# तीसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को हराकर क्लीन स्वीप करने उतरी टीम इंडिया

**क्वींस पार्क** । भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां मेजबान वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के साथ होने वाले तीसरे ओर अंतिम एकदिवसीय मैच को जीतकर सीरीज 3-0 से अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। शिखर धवन की कप्तानी में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। दूसरे मैच में युवा खिलाड़ी अक्षर पटेल ने आक्रामक बल्लेबाजी कर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। अक्षर वह सिलसिला इस मैच में भी जारी रखना चाहेंगे। अक्षर के अलावा दूसरे मैच में संजू सैमसन और दीपक हुडा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। भारतीय युवा खिलाड़ियों ने तीन सौ से ज्यादा के लक्ष्य का पीछा कर अपनी क्षमता साबित की थी। वहीं दूसरे ओर मेजबान वेस्टइंडीज टीम तीसरे मैच को जीतकर किसी प्रकार प्रतिष्ठा बचाना चाहेगी। उसके लिए यह हालांकि आसान नहीं रहेगा।

इस दौरे पर अबतक धवन और शुभमन गिल की जोड़ी अच्छी साबित हुई है। धवन ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में जहां 97 रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं गिल ने पहले एकदिवसीय में 64 और दूसरे एकदिवसीय में 43 रन बनाए। यही नहीं इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतकीय साझेदारी भी की थी। वहीं दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भी इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन बनाये थे। ऐसे में शायद ही टीम प्रबंधन तीसरे एकदिवसीय के लिए इस सलामी जोड़ी के साथ कोई बदलाव करे।



*सीरिज के टॉप-3 बल्लेबाज।*

मध्यक्रम की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव, सैमसन और हुडा पर रहेगी। अय्यर ने कोहली के नहीं होने पर तीसरे स्थान पर उनकी कमी नहीं महसूस होने दी है। इसके अलावा सूर्यकुमार भी तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। सैमसन ने पिछले मुकाबले में अर्द्धशतकीय पारी खेलकर लय हासिल की है जिसे वह आगे बढ़ाना चाहेंगे। वहीं हुडा ने दुसरे एकदिवसीय में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा था। तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑलराउंडर खिलाड़ी के रूप में शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल की जोड़ी मैदान में नजर आयेगी। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अबतक ऑलराउंड प्रदर्शन किया है। अक्षर ने दूसरे एकदिवसीय में मैच विजेता पारी खेली थी।

दूसरे वनडे मुकाबले में टीम प्रबंधन ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह आवेश खान पर भरोसा जताया था पर वह भी फ्लॉप रहे और काफी महंगे साबित हुए। ऐसे में तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में अर्शदीप सिंह को डेब्यू करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में मोहम्मद सिराज का खेलना लगभग तय है। टीम प्रबंधन आखिरी मुकाबले में बेंच स्ट्रेंथ आजमाने के लिए अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल की जगह युवा स्पिनर रवि बिश्नोई को अवसर दे सकती है।

इस प्रकार हो सकती है भारतीय प्लेइंग इलेवन- शुभमन गिल, शिखर धवन (कप्तान), श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), दीपक हुडा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई।



*ब्रिटेन में यूरो कप महिला फुटबॉल मुकाबले में खेलती हुई इंग्लैंड और स्वीडन की खिलाड़ी।*

## राष्ट्रमण्डल खेलों के लिए भारतीय टेबल टेनिस टीम में हैं कई पदक दावेदार

**लंदन** । बर्मिंघम में गुरुवार से शुरु हो राष्ट्रमण्डल खेलों में भारतीय टेबल टेनिस टीम थोड़ा बदली हुई नजर आएगी। महिला वर्ग में मनिका बत्रा के साथ श्रीजा अकुला, रीत ऋष्य और दिया चिताले उतरेंगी। वहीं पुरुष वर्ग में अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल, जी साथियान, हरमीत देसाई और सानिल शेट्टी उतरेंगे। भारतीय टीम के पास हालांकि सभी स्पर्धाओं में पदक जीतने में सक्षम खिलाड़ी हैं। शरत और मनिका के अलावा साथियान भी पुरुष युगल और मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक के दावेदारों में शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने पुर्तगाल में अभ्यास किया जिसका भी उसे लाभ मिलेगा। इस बार महिला वर्ग में दिया को अर्चना कामत की जगह टीम में जगह मिली है। वहीं पुरुष वर्ग की टीम में बदलाव नहीं किया गया है। चार सदस्यीय पुरुष दल में वही खिलाड़ी शामिल है, जिन्होंने पिछले राष्ट्रमण्डल खेलों में भाग लिया था। इन खिलाड़ियों को काफी अनुभव है और उम्मीद की जा रही है कि वह टीम खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। भारत को टीम स्पर्धा में इंग्लैंड और नाईजीरिया के बाद तीसरी वरीयता मिली है। अनुभवी खिलाड़ी शरत ने कहा, इंग्लैंड की टीम नाइजीरिया की तुलना में बेहतर है पर हमारा लक्ष्य व्यक्तिगत के अलावा टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतना है। नाइजीरिया की टीम में विश्व के 12वें नंबर की खिलाड़ी अरुणा कादरी हैं जबकि इंग्लैंड की टीम में लियाम पिचफोर्ड और अनुभवी पाल ड्रिंकहाल जैसे खिलाड़ी हैं।

## सूर्यकुमार को एकदिवसीय विश्वकप में जगह बनाने बेहतर प्रदर्शन करना होगा

**पोर्ट ऑफ स्पेन** । भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टी20 में अपने शानदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है पर एकदिवसीय में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में सूर्यकुमार के लिए अपनी जगह बनाये रखना आसान नहीं होगा। इसके अलावा अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को देखते हुए भी उनके खराब फार्म से टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं।

सूर्यकुमार वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पाये थे। इस मैच में वह ऑफ स्टम्प के बाहर जाती गेंद को खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे थे। एकदिवसीय मैचों में यह चौथी बार है जब वह इस प्रकार से आउट हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स एकदिवसीय में बाएं हाथ के गेंदबाज रीस टॉपली की गेंद पर शॉट खेलने के प्रयास में भी वो इसी तरह 27 रन बनाकर आउट हुए थे। ऐसे में वह पिछली पांच पारियों में केवल एक बार ही 20 रनों से अधिक बनाये हैं।

सूर्यकुमार ने पिछले दिनों अपने इंग्लैंड दौरे पर टी20 सीरीज में शानदार बल्लेबाजी करते हुए एक शतक भी लगाया था पर तीन एकदिवसीय में वह पचास रन भी नहीं बना पाये। ऐसे में अगर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए उन्हें जगह बनानी है तो रन बनाने होंगे क्योंकि मध्यक्रम में उनका मुकाबला श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाज से है।

## चौथी बार राष्ट्रमण्डल खेलों में उतरेगी अश्विनी पोनप्पा

**बर्मिंघम** । भारत की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा चौथी बार राष्ट्रमण्डल खेलों में पदक जीतने के इरादे से उतरेंगी। अश्विनी ने 12 साल पहले राष्ट्रमण्डल खेलों में महिला युगल का खिताब जीता था। भारत को इस बार भी उससे पदक की उम्मीदें हैं। अश्विनी अब भी पहले की तरह ही खेलती हैं। उनके स्मैश पहले की तरह ताकतवर हैं और वह विरोधी खिलाड़ियों की सर्विस और रिटर्न का अंदाजा अच्छी तरह से लगा लेती है। राष्ट्रमण्डल खेलों में 2 स्वर्ण सहित 5 पदक, विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वालीं दो बार की ओलंपियन अश्विनी अब गुरुवार से होने वाले इन खेलों में अपनी ताकत दिखाने को तैयार हैं। अश्विनी ने कहा, ' पिछले दशक में काफी उतार चढ़ाव आए। इस दौरान मैंने काफी सुधार किया है। अब मेरे पास काफी अधिक अनुभव है और एक बार फिर इन खेलों में भाग लेने को लेकर दिल में उत्साह है। अश्विनी ने ज्वाला गुट्टा के साथ मिलकर दिल्ली राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत को महिला युगल में पहला स्वर्ण पदक दिलाया था।



# विदेश में शूटिंग ने परेशान कर दिया: राशी खन्ना



तेलुगू फिल्म थैंक यू की शूटिंग के बाद हाल ही में इटली के मिलान से लौटी अभिनेत्री राशि खन्ना ने खुलासा किया कि एक विदेशी स्थान पर शूटिंग् ने उन्हें परेशान कर दिया। अभिनेत्री ने कहा है कि इटली में शूटिंग सुरक्षित थी क्योंकि देश में लोगों ने बहुत जिम्मेदारी से प्रोटोकॉल का पालन किया। उन्होंने बताया कि हम महामारी के बीच में थे और मैं वहां (इटली) जाने से पहले डर गई थी। वहां एक बार, मुझे एहसास हुआ कि इटली में लोग मास्क पहनने के लिए बहुत ज़िम्मेदार थे, भले ही दूसरी लहर बीत गई हो। बहुत कम लोग शूटिंग कर रहे थे हमें चालक दल में शामिल किया गया था और सभी सावधानियां बरती गई थीं। राशी ने कहा, जब मैं वहां थी, भारत में दूसरी लहर तेज हो गई और मैं लगातार पढ़ रहा थी कि भारत में क्या हो रहा था। यह परेशान करने वाला था। यह बुरा लगा कि हमारा देश पीड़ित था और हम दूर थे। अब हम वापस आ गए हैं और हम बहुत कुछ नहीं कर सकते। यह एक असहाय स्थिति है। हमने जो किया उसके लिए हमने शूटिंग की, लेकिन यह मानवीय रूप से परेशान कर रहा था। हम लगातार सोच रहे थे कि घर वापसी के बाद क्या होगा। राशी ने अपने अभिनय की शुरूआत शूजीत सरकार की 2013 की हिंदी फिल्म मद्रास कैफे से की, और बाद में टच चेसी चुड़ू, वेंकी मामा और वर्ल्ड फेमस लवर जैसी हिट फिल्मों के साथ तेलुगु फिल्म जगत में कदम रखा।

**इस बारे में बात करते हुए कि कैसे कोविड ने थैंक यू की प्रोडक्शन टीम के लिए बाधाएं लाईं, अभिनेत्री कहती हैं:** ईमानदारी से, हमेशा समय पर खत्म करने का दबाव होता है लेकिन मेरे पास एक बहुत अच्छी टीम थी जिसने सब कुछ ध्यान में रखा था और उन्होंने कोई दबाव नहीं बनाया। हम सभी शूटिंग खत्म करने के बारे में तनाव में थे क्योंकि प्रतिबंध थे क्योंकि हम भारत से थे। कुछ स्थान ऐसे थे जिन्हें रद्द कर दिया गया था क्योंकि हम भारतीय थे।

**वह आगे कहती हैं:** प्रोडक्शन टीम को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अलावा हम वास्तव में सुरक्षित थे। ऐसे दिन थे जब हम दिन में 18 घंटे शूटिंग कर रहे थे क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। क्योंकि यह पहले जैसा नहीं था।

## जानिए लगातार 7 दिन तक एलोवेरा जूस पीने से क्या फायदे मिलते हैं!

आप भी सोचते होंगे कि इस कटीले पौधे में आखिर ऐसे कौन से चमत्कारी गुण पाए जाते हैं। जिससे ये इतना फायदेमंद है। दरअसल एलोवेरा का पौधा उष्णकटिबंधीय देशों में ज्यादा पाया जाता है। एलेवोरा एक रस वाला पौधा है। जिसका इस्तेमाल प्राकृतिक सौंदर्य




उत्पादों में सबसे ज्यादा होता है। इसमें काटे भी होते हैं लेकिन जेल ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर है और कई स्वास्थ्य लाभ देता है। एलोवेरा का इस्तेमाल करने से आपको कई आश्चर्यजनक फायदे मिलेंगे। जानते हैं लगातार 7 दिन तक एलोवेरा जूस पीने से क्या फायदे मिलते हैं।

1-पहले दिन एलोवेरा के पौधे की एक पत्ती काट लें। अब इसे अच्छी तरह धोकर लें। बीच में से काटकर चम्मच से जेल को निकाल लें। अब इसमें थोड़ा पानी डालकर असका जूस बना लें। पहले दिन आपको यही जूस पीना है। अगर ज्यादा जूस बन गया है तो इसे फ्रीजर में स्टोर भी कर सकते हैं।

2-एलोवेरा जूस पीने के दूसरे आपको अपनी त्वचा में थोड़ा फर्क आता दिखेगा। एलोवेरा का ताजा जूस पीने से कई फायदे मिलते हैं। इससे त्वचा की सूजन भी कम होने लगती है। आपको दूसरे दिन ही पेट में भी काफी अंतर नज़र आएगा। इससे पेट और स्किन दोनों साफ होने लगेंगी।

3- आपको तीसरे दिन भी एलोवेरा जूस पीना है। अब धीरे-धीरे आपकी स्किन की टैनिंग कम होने लगेगी। गर्मियों में धूप में त्वचा जल जाती है। जो एलोवेरा जूस पीने से साफ होने लगेगी। एलोवेरा में एंटीऑक्सिडेंट गुण पाए जाते हैं जिससे बर्न स्किन जल्दी ठीक होती है।

4- अब चौथे दिन आपको महसूस होने लगेगा कि आपकी स्किन का सूखापन खत्म होने लगा है। आपकी स्किन में नमी आने लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि एलोवेरा के पौधे में 98त्न पानी होता है। एलोवेरा जूस पीने और जेल लगाने से स्किन हाइड्रेट रहती है।

5- अब आपको अपनी पूरी बॉडी में चमत्कारी फायदे नजर आने लगेंगे। आपकी त्वचा में चमक आने लगेगी, आप पहले से ज्यादा ब्राइट दिखने लगेंगे, पेट की समस्याएं भी कम हो जाएंगी। बालों भी मुलायम और चमकदार बन जाएगे।

6- अगर आपको पिंपल्स की समस्या है तो एलोवेरा जूस पीने से आपकी ये समस्या भी दूर हो जाएगी। 6 दिन में आपको एलोवेरा जूस के कई फायदे नज़र आने लगेंगे। इससे आपका ब्लड फ्लो भी अच्छा होगा और बैक्टीरिया भी दूर हो जाएंगे।

# रचनात्मक रूप से आगे बढ़ना इस समयं एक चुनौती है: संजना सांघी



अभिनेत्री संजना सांघी का कहना है कि ऐसे समय में काम पर ध्यान केंद्रित करना चुनौतीपूर्ण रहा है, जब देश कोविड-19 की दूसरी लहर से जूझ रहा है। वह कहती हैं कि काम की उनके दिमाग में सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं है और ध्यान केंद्रित करना एक चुनौती रही है। उन्होंने बताया कि रचनात्मक रूप से, जोन इन करना एक चुनौती रही है। एक स्क्रिप्ट पढ़ना जब मैं कार्यक्रम बना रही हूं और एक आदिवासी क्षेत्र में ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर प्राप्त करने की कोशिश कर रही हूं, यह एक ऐसी चुनौती रही है जिसका मैंने पहले अनुभव नहीं किया है। इसलिए, निश्चित रूप से ध्यान भटक रहा है। वह आगे कहती हैं, सौभाग्य से, किसी तरह पिछले लॉकडाउन ने हमें बहुत कुछ सिखाया, यह पहली बार था जब हम अपने व्यस्त कार्यक्रम से अलग-अलग शहरों में रहने और हर समय सेट पर रहने से हमने अलग अनुभव किया कि घर में बंद रहना कैसा होता है। यह कठिन था। मेरे सभी अभिनेता मित्र यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि परिवार सुरक्षित है, वे सुरक्षित है और यह उन समय में से एक है जब आप जानते हैं कि समय सही होने पर आप वापस लोटेंगे। उस पर चिंता करने से कोई फायदा नहीं है क्योंकि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम पूरी तरह से सुरक्षित होने पर ही काम पर वापस आएं। लोगों को महामारी से निपटने में मदद करने के लिए, संजना ने हियर टू हियर नाम से एक मानसिक स्वास्थ्य अभियान शुरू किया। उन्होंने सेव द चिल्ड्रन के साथ मिलकर भारत के दूरदराज के हिस्सों में प्रोटेक्ट ए मिलियन मिशन के साथ समर्थन प्रदान किया है। संजना ने कहा, जब दूसरी लहर आई, तो यह पूरी तरह से स्वाभाविक लगा कि कैसे विस्तार और योगदान करना है। मैंने देखा कि हर कोई एक साथ आ रहा था और अविश्वसनीय काम कर रहा था। इस अंतर को भरने के लिए हियर टू हियर था। मुझे लगा कि इस सब के बीच, हम आपूर्ति के साथ मदद करने में सक्षम थे।

# अजय बहल की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म में नजर आ सकते हैं अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर फिल्म जगत में परिचय के मोहताज नहीं हैं। काफी कम समय में इन्होंने इंडस्ट्री में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अर्जुन फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अर्जुन निर्देशक अजय बहल की आगामी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म में नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी प्रेम कहानी पर केंद्रित होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जुन जाने माने निर्देशक बहल की एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। खबरों की मानें तो अर्जुन ने इस फिल्म को साइन कर लिया है। बहल की



इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार और शैलेश आर सिंह करेंगे। एक सूत्र ने कहा, यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसका निर्माण भूषण और शैलेश करेंगे। यह फिल्म एक लव ट्रायंगल पर आधारित होगी, जिसमें अर्जुन हीरो होंगे। सूत्र ने बताया कि फिल्म में अर्जुन के साथ दो और नायिका नजर आएंगी। फिलहाल अभी फिल्म की कहानी से संबंधित अन्य जानकारियों को उजागर नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग जल्द से जल्द शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। फिल्म की प्रोडक्शन टीम लॉकडाउन के प्रतिबंधों के हटने का इंतजार कर रही है। संदीप और पिंकी फरार में अर्जुन की परफॉर्मेंस देखने के बाद उन्हें यह रोल ऑफर किया गया है। संदीप और पिंकी फरार को 19 मार्च को थिएटर में रिलीज किया गया था।

## जोया अख्तर की अगली फिल्म में दिखेंगे सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव




जोया अख्तर बॉलीवुड की एक सफल निर्देशक मानी जाती हैं। जोया ने अपनी फिल्म गली बॉय से खूब सूर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट और सिद्धांत चतुर्वेदी जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। अब खबर सामने आ रही है कि जोया अपने एक फिल्म के प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इस फिल्म में सिद्धांत, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जोया की आगामी फिल्म में सिद्धांत, अनन्या और आदर्श जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। एक सूत्र ने बताया, जोया इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाली हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ फिल्म निर्माता अर्जुन निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखेंगे। इस फिल्म की शैली के बारे में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि सिद्धांत, अनन्या और आदर्श ने फिल्म के लिए अपनी हामी भर दी है। सूत्र ने बताया कि इन कलाकारों की कास्टिंग से संबंधित पेपरवर्क को पूरा किया जा रहा है। मेकर्स फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू करने की योजना पर काम कर रहे हैं। यह सबकुछ मौजूदा कोरोना वायरस के हालात पर निर्भर करेगा। गली बॉय के बाद यह सिद्धांत और जोया की दूसरी फिल्म होगी। जोया के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी 2011 में आई फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा को भी प्रशंसको की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म में ऋतिक रोशन और कैटरीना कैफ नजर आई थीं।

# नीना गुप्ता और उनकी बेटी के साथ मसाबा मसाबा 2 से डिजिटल डेब्यू करेंगी आलिया



आलिया भट्ट बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री हैं और उन्होंने फिल्म जगत को कई हिट फिल्में दी हैं। आलिया ने काफी कम समय में ही प्रशंसकों के दिलों में अपनी विशेष जगह बना ली है। इस बीच उनसे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। खबर है कि आलिया जल्द अपना डिजिटल डेब्यू कर सकती हैं। खबरों के अनुसार, वह नीना गुप्ता और उनकी बेटी मसाबा गुप्ता के साथ वेब सीरीज मसाबा मसाबा 2 में दिखने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया वेब सीरीज मसाबा मसाबा 2 के साथ अपना डिजिटल डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि अभिनेत्री आलिया को विनियार्ड फिल्म्स की तरफ से अश्विनी यार्डी की टीम ने अप्रोच किया है। एक सूत्र ने कहा, इस बार विनियार्ड फिल्म्स और नेटफ्लिक्स आलिया को इस सीरीज का हिस्सा बना सकते हैं। आलिया के अलावा इसमें अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आएंगे। शो में उनका स्पेशल अपीयरेंस रखा जाएगा। आलिया के करीबी सूत्र ने बताया कि सीरीज के लिए उन्हें अप्रोच किया गया है। मसाबा मसाबा के दूसरे सीजन को जल्दी शूट करने का प्लान बनाया जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जून के बाद नीना अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हो जाएंगी। इसके बाद उनकी डेट्स मिलनी मुश्किल हो जाएंगी। सूत्र ने कहा, आलिया के साथ नीना की तारीखें मैच करने में दिक्कतें आएंगी। नीना ने मेकर्स को अगले महीने से अपने 60 दिन दिए हैं। जून के बाद नीना लंदन जाने पर विचार कर रही हैं। ऐसे में टीम की कोशिश है कि इससे पहले आलिया के साथ नीना के हिस्से वाली शूटिंग को फिल्माया जा सके। नेटफ्लिक्स ने बीते 3 मार्च को मसाबा मसाबा 2 की घोषणा की थी। इसका पहला सीजन पिछले साल नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया गया था। यह सीरीज नीना और उनकी बेटी मसाबा की जिंदगी की सच्ची घटना पर आधारित है। पहले सीजन में 6 एपिसोड थे। आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल वह कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। आलिया की आखिरी रिलीज फिल्म सड़क 2 थी जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बहुत अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। इन दिनों वह रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र के प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। इसके अलावा वह जसमीत के रीन की फिल्म डार्लिंग्स में नजर आने वाली हैं। उन्हें करण जौहर की फिल्म तख्त में भी देखा जा सकता है।

# हाथ-पैर के सुन्नपन को न करें नजरअंदाज, इन घरेलू नुस्खों की मदद से पाएं राहत



कई बार एक ही मुद्रा में बैठे रहने से हाथ-पैर में सुन्नपन होने लगता है और जब तक यह सुन्नपन रहता है, तब तक हाथ-पैर अच्छे से काम नहीं करते। अक्सर लोग इसे सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, हालांकि यही लापरवाही भविष्य में उन्हें भारी पड़ सकती है। चलिए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिन्हें अपनाकर हाथों और पैरों में होने वाले सुन्नपन से जल्द राहत पाई जा सकती है।

### तेल मालिश करें

हाथों और पैरों के सुन्नपन को दूर करने के लिए तेल मालिश करना एक प्रभावी घरेलू नुस्खा है। इसके लिए सरसों के तेल या फिर नारियल के तेल से प्रभावित जगह पर तब तक मालिश करें, जब तक तेल त्वचा में अच्छे से अवशोषित न हो जाए। ऐसा करने से हाथों और पैरों के ब्लड सर्कुलेशन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगऔर इनके सुन्नपन से आपको काफी जल्दी राहत मिलेगी।

### हल्दी के सेवन से मिलेगा आराम

स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से छुटकारा दिलाने में हल्दी का इस्तेमाल सबसे कारगर घरेलू नुस्खों में से एक है। हल्दी में एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और कई अन्य गुण मौजूद होते हैं जो न सिर्फ बीमारियों को दूर करते हैं बल्कि हाथों और पैरों में सुन्नपन की समस्या से भी राहत दिला सकते हैं। इसलिए जब भी आपको हाथों और पैरों में सुन्नपन महसूस हो तो आप दूध में थोड़ी सी हल्दी मिलाकर इसका सेवन कर सकते हैं।

### गर्म सिकाई करें

हाथों और पैरों के सुन्नपन को दूर करने के लिए प्रभावित जगह पर गर्म सिकाई करना भी एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। इसके लिए बस हॉट पैड को प्रभावित जगह पर लगाएं। अगर आपके पास हॉट पैड न हो तो एक सूती कपड़ा लें और गैस पर तवा गर्म कर लें। अब कपड़े की कई तह बनाकर उसे गर्म तवे से लगाएं और फिर इससे हाथों और पैरों की सिकाई करें। ऐसा लगभग 20 मिनट तक करें।

### सेंधा नमक का करें इस्तेमाल

सेंधा नमक में मैग्नीशियम और सल्फेट जैसे पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो हाथों और पैरों के सुन्नपन को कम करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए एक बाल्टी में गुनगुना पानी भरकर उसमें चार चम्मच सेंधा नमक मिलाएं।

## श्रद्धा कपूर है वरुण धवन की बेस्टफ्रेंड?

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. वह अपने फैंस के साथ अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में चीजें शेयर करते रहते हैं.



बीते दिन वरुण ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ ढेर सारी बातें की. उनके सवालों के जवाब दिए. इतना ही नहीं उन्होंने अपना डाइट प्लान भी फैंस के साथ शेयर किया है. वरुण इन दिनों अपनी बेस्टफ्रेंड को बहुत मिस कर रहे हैं. ये कोई और नहीं बल्कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस ही हैं जिनके साथ वरुण कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. वरुण धवन की बेस्टफ्रेंड कोई और नहीं बल्कि श्रद्धा कपूर हैं. दोनों एक साथ एबीसीडी 2, स्ट्रीट डांसर सहित कई फिल्मों में काम कर चुके हैं. दोनों की केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आती है. आस्क मी समथिंग सेशन के दौरान वरुण से एक फैन ने पूछा- क्या श्रद्धा कपूर आपकी बेस्टफ्रेंड हैं? इस सवाल के जवाब में वरुण ने श्रद्धा के साथ एक वीडियो शेयर किया जिसनें दोनों बोटिंग कर रहे हैं और साथ में मस्ती करते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो के साथ वरुण ने लिखा- मैं आशा करता हूं कि हम और घूम सकते लेकिन इस समय हम महामारी में हैं. सेशन के दौरान एक यूजर ने वरुण ने पूछा कि वह किस तरह की डाइट फॉलो करते हैं. इसके जवाब में कॉफी की फोटो शेयर करते हुए वरुण ने लिखा- मैं 14-16 घंटे इंटरमिटेंट फास्टिंग करने की कोशिश करता हूं. दिन की शुरुआत कॉफी से करता हूं फिर एग व्हाइट, ओमलेट/ओट्स, सब्जियां और चिकन, मखाना, सब्जियां और चिकन और ढेर सारा पानी पीता हूं।. वरुण धवन फिल्म जुग जुग जियो की चंडीगढ़ में शूटिंग के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे. कोरोना से संक्रमित होने के बाद वरुण ने खुद को आइसोलेट कर लिया था. वरुण के साथ नीतू कपूर और फिल्म के डायरेक्टर भी इस वायरस की चपेट में आए थे।

## ममता बनर्जी को मिला बड़ा झटका

एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति चुनी गई हैं। उन्होंने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया। द्रौपदी मुर्मू को 4809 वोटों में 2824 वोट मिले, जबकि यशवंत सिन्हा को 1877 वोट मिले। खास बात यह है कि द्रौपदी मुर्मू को एनडीए के अलावा अन्य दलों ने भी समर्थन दिया। इतना ही नहीं कुछ सांसद और विधायक तो ऐसे हैं, जिन्होंने पार्टी लाइन से हटकर द्रौपदी मुर्मू को वोट किया। सबसे बड़ा झटका पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए माना जा रहा है। दरअसल, 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने में लगी हैं। ममता बनर्जी ने ही इस राष्ट्रपति चुनाव में भी विपक्ष को एकजुट करने के लिए तमाम दलों से बातचीत की थी। हालांकि, कई उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा के बाद यशवंत सिन्हा का नाम तय हुआ था। यशवंत सिन्हा कुछ समय पहले ही टीएमसी में शामिल हुए थे। उन्होंने टीएमसी से इस्तीफा देकर राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन भरा था। बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में भी क्रॉस वोटिंग हुई। टीएमसी के 2 सांसद और एक विधायक ने द्रौपदी मुर्मू को वोट किया। इतना ही नहीं टीएमसी के 2 सांसदों और चार विधायकों के वोट भी रद्द हुए हैं। चुनाव में सिर्फ ममता ही नहीं कई क्षत्रपों के किलों में सेंधमारी हुई है। द्रौपदी मुर्मू को 125 विधायक और 17 सांसदों ने क्रॉस वोटिंग कर समर्थन किया। बताया जा रहा है कि असम, झारखंड और मध्यप्रदेश में तमाम विपक्षी विधायकों ने एनडीए उम्मीदवार को वोट किया। असम में 22 विधायक, मध्यप्रदेश में 20 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। बिहार और छत्तीसगढ़ में 6-6 विधायकों ने जबकि गोवा में चार और गुजरात में 10 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। आदिवासी चेहरा द्रौपदी मुर्मू को झारखंड में भी विपक्षी विधायकों ने समर्थन दिया, यहां की सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले ही मुर्मू के समर्थन का ऐलान कर चुकी थी। द्रौपदी मुर्मू ने तीन दौर की मतगणना के बाद ही विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा पर निर्णायक बढ़त बना ली। आखिरी राउंड की मतगणना के बाद उन्हें विजेता घोषित कर दिया गया। वहीं, सिन्हा पहले राउंड में ही रेस से बाहर हो गए थे। यूं तो पहले से ही आंकड़े मुर्मू के पक्ष में थे, लेकिन यशवंत सिन्हा इस तरह से हारेंगे यह किसी ने नहीं सोचा था। यही कारण है कि द्रौपदी मुर्मू की जीत से ज्यादा अभी यशवंत सिन्हा की हार के चर्चा हो रहे हैं। तीन दौर की गिनती से ही साफ हो गया कि 17 सांसद और 110 विपक्ष के विधायकों ने यशवंत सिन्हा की बजाय द्रौपदी मुर्मू को वोट किया है। सिन्हा को समर्थन देने के एलान के बाद भी विपक्ष के सांसद और विधायकों द्वारा द्रौपदी मुर्मू को वोट करना इस बात की तस्दीक करता है कि विपक्ष पूरी तरह से सिन्हा को लेकर एकजुट नहीं हो पाया। वहीं विपक्षी दलों के मुखिया सिन्हा के नाम पर सबको संतुष्ट नहीं कर पाए जबकि यशवंत सिन्हा के नाम का एलान करते वक्त कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी समेत कई विपक्षी दलों के बड़े नेता मौजूद रहे। चुनाव से साबित हो गया कि विपक्ष में एकजुटता नहीं है। इसका कारण यह है कि अब कोई भी दल कांग्रेस का नेतृत्व नहीं मानना चाहता है। विपक्ष में ज्यादातर दल क्षेत्रीय हैं और अब सभी खुद ही विपक्ष का नेतृत्व करना चाहते हैं। फिर वह टीएमसी की ममता बनर्जी हों या टीआरएस के के। चंद्रशेखर राव। बिहार में तेजस्वी यादव हों या यूपी में अखिलेश यादव। हर कोई अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देना चाहता है।

# हिमाचल में मानसून का कहर, एक खौफनाक त्रासदी ?

नरेन्द्र भारती

हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक मानसून का कहर जारी है।प्रकृति तांडव कर रही है।2022में खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है।जिंदगियां लील रही है।सैंकड़ों लोग मौत के आगोष में समा चुके है।आषियाने जमींदोज हो रहे हैं।भूस्खलन हो रहा है।कहीं पहाड़ +दरक रहे है कहीं भूस्खलन हो रहा है।इस विनाषकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है।राज्य की संडकें धंस रही हैं।गांड़ियां फिसल रही है।भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया।युवक की स्कूटी नाले में बह गई।आनी में भी भूस्खलन से श्रध्द्वालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।खेत व जमीनें जलमगन हो रही हैं।मक्की व टमाटर व धान की फसल तबाह हो गई है।मवेषी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है।गैषाला गिरने से 2 मवेषियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे।मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है।जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेष को अब तक 17 दिनों में 272 करोड़ का नुक्सान हो चुका है।मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक 82 लोग अपनी जान गंवा चुके है।107 लोग घायल हुए हैं।मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेष में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं।बारिष के खौफ से हर हिमाचली खौफजदा है।प्रदेष में बारिष के कारण लोकनिर्माण विभाग व जल षक्ति विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ है।मानसून अनमोल जिदंगियां लील रही है।नदियां व नाले में भंयकर बाढ आने से भरी नुक्सान हो रहा है।नदी-नालों का जलस्तर बढ गया है।सैलानियों को नदियों से दूर रहने की हिदायतें दी गई है।सैलानी लापरवाही कर रहे है। प्रतिदिन जानमाल का नुक्सान होता जा रहा है।गत वर्श 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे।चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे।बारिष की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्श भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी।गत वर्श षिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ र्थी।नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ र्थी।गत वर्श लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे।प्रदेष में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है।कुल्लु ,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है।प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं।बरसात में प्रदेष में कई भीशण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पषुओं की दबकर मौत हो गइ र्थी।दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है।प्रकृति की इस विभिशिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाषे मलवे में दफन हो गई है।किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा षिविर लगाकर



महानगरों, षहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।देष में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है।हर राज्य में बरसात से त्रासदी हो रही है। भीशण बाढ़ के चलते आधे से ज्यादा इस बारिष् में अब तक दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चूकी है। हिमाचल में भी बरसात का कहर रौद्र रुप दिखा रहा है। पिछले साल बिलासपुर में भी एक पहाड़ी के दरकने से लोग बाल-बाल बच गए थे।अगर यह मलवा लोगों पर गिरा होता तो न जाने कितने घरों के चिराग बूझ जाते।इससे पहले 2017वर्श की12 अगस्त की रात को कोटरोपी में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर ऐसी खौफनाक तबाही मचाई थी की रौगटे खडे हो गए थे कोटरोपी में हुए इस हादसे ने पूरे हिमाचली समुदाय को झझकोर दिया था।पल भर में लाषों के ढेर लग गए लाषों का ढांपने के लिए कफन कम पड़ गए थे।मौत का यह मंजर सदियों तक याद रहेगा। 12 अगस्त 2017 काली रात को कोटरोपी में प्रकृति का कहर सैकडों अनमोल जिंदगियां लील गया था।पठानकोट -मंडी नेषनल हाईवे 154 के कोटरोपी में चलती बसों पर पहाड़ गिरने से 48 लोगों की दर्दनाक मौत से हर हिमाचली गमगीन था।12 अगस्त की काली रात को प्रकृति ने ऐसा कहर मचाया की पल भर में यात्रियों को मौत की नींद सुला दिया था।यात्रियों ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि कोटरोपी में मौत उनका इंतजार कर रही है।पहाड़ गिरने से चंबा से मनाली तथा मनाली से कटड़ा जा रही दो बसें दब गई थी। सैंकडों यात्री जमीदोज हो गए। बसों में लाषे क्षत-विक्षत हो चुकी थी तथा टुकडों में तब्दील हो चुकी थी।चारों तरफ चीखो पुकार मची हुई थी लोग अपनों को बदहवाष होकर ढूढ रहे थे मगर उनके सगे-संम्बधी चिर निंद्रा में सो चुके थे।हर तरफ लाषें दफन हो चुकी थी। प्रकृति ने ऐसी तबाही मचाई कि जीते जागते इंसान चिथडों में बदल गए तबाही का ऐसा मंजर बहुत ही भयानक था जिसे लोग ताउम्र नहीं भूल सकते आखों के सामने देखते ही देखते लोग मौत के आगोष में समा गए बसें जमीदोज हो गई थी । 46 षव निकाले गए थे। पहाड़ के मलवे से लोगों के आषियाने धरासाही हो गए थे गनीमत रही की किसी की जान नहीं गइ थी।अभागे यात्री अपने गतब्व पर पहुचने से पहले ही हादसे का षिकार हो गए थे।उनका सफर कोटरोपी में खत्म हो गया था। 12 अगस्त की काली रात प्रदेष वासियों को कभी नहीं भूलेगी।इस हादसे में कुल्लु की महिला ने अपने तीन बच्चे खो दिये थे वे अपने दादा के पास चंबा गए थे। देष में कभी भूकंप, तो कभी बाढ़ जैसे आपदाएं अपना जलवा दिखाती है तो कभी बाढ़ का रौद्र रुप जिदंगियां लीलता है।लोग प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते जब प्रकृति अपना बदला लेती है तब लोगों को होष आता समय-समय पर भीशण त्रासदियां होती रहती है मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते।हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है मगर कुछ दिनो बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है तो इन बातो को भूला दिया जाता है। अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए तो आने वाले भविश्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। सरकार को चाहिए की प्रत्येक गांव से लेकर षहरो तक आपदा प्रबंधन कमेटियां गठित करनी चाहिए जिसमें डाक्टर नर्स व अन्य प्रषिक्षित स्टाफ रखना चाहिए ताकि व त्वरित कारवाई करके लोगों का मौत के मुंह से बचा सके ।अक्सर देखा गया है कि जब तक आपदा प्रबंधन की टीमें घटना स्थनों पर पहुचती है तब तक बची हुई सासें उखड़ जाती है लाषों के ढेर लग जाते है।अगर समय पर आपदा ग्रस्त लोगों को प्राथमिक सहायता मिल जाए तो हजारों जिदंगियां बचाई जा सकती हैं।

## सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकर्षण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं। कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है।

## मोदी-शाह के चक्रब्यूह की तोड़ अभेद्य

सनत कुमार जैन

भारत के राष्ट्रपति चुनाव के कई माह पूर्व जिस चक्रब्यूह की रचना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने की थी। इस चक्रब्यूह का तोड़ सम्पूर्ण विपक्ष और सत्ता पक्ष के नाराज सभासद भी नहीं खोज पाए। वर्तमान परिपेक्ष्य में राजनीति में सफलता के जो कीर्तिमान मोदी-शाह की जोड़ी ने बनाये हैं। पूर्व में ऐसा कोई इतिहास नहीं है, और भविष्य में भी विजय का यह कीर्तिमान बनाने और यश कमाने में शायद ही कोई शासक सफल होगा।

महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच बढ़ता टकराव सत्ता के केन्द्रीयकरण से सत्तापक्ष का मौन एवं नाराजी स्पष्ट रुप से देखने को मिल रही है। उसके बाद भी पिछले 8 वर्षों में सत्ता की पकड़ को मजबूत बनाने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी का प्रत्येक निर्णय, उनके विरोधियों को हर बार धूल चटाने का काम करती है। विपक्ष का हर हमला कैसा होगा, इसकी रणनीति भी मोदी और शाह की जोड़ी ही तय करती है। मैदान की सुनियोजित लड़ाई में विरोधियों को चारो खाने चित्तकर, आश्चर्यजनक रुप से उन पर जीत हासिल करना मोदी-शाह की जोड़ी के लिए ही संभव है। - राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपने अनुकूल व्यक्ति को, बिना किसी विवाद एवं बाधा के चुनाव जिताना, इनकी रणनीति कई माह पूर्व बना लेना। इस रणनीति की हवा सत्ता पक्ष एवं विपक्ष को नहीं लगने देना। चुनाव के पूर्व विपक्षियों की घेराबंदी करके चुनाव में बंधक बना देना, उसके बाद उन्हें जीवनदान देकर अपने पक्ष में लाकर उनका मनचाहा उपयोग राष्ट्रपति पद के चुनाव में मोदी-शाह की जोड़ी ने करके अपनी शक्ति का एहसास करा दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बैनर्जी को राज्यपाल



धनखड़ और ईडी के जाल में ऐसे फंसाया कि ममता बैनर्जी जाल से निकलने के लिए उन्हीं धनखड़ की शरण में पंहुच गई। राष्ट्रपति पद के लिए अपने ही प्रत्याशी यशवंत सिन्हा को मझदार में छोड़कर ममता बैनर्जी को राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में समर्थन के लिए विवश होना पड़ा। यह कमाल मोदी-शाह की जोड़ी का है। जिन्होंने उड़ती चिड़िया को अपने जाल में फंसाकर फड़फड़ाने के लिए कैद कर लिया है। झारखंड में भी मोदी-शाह की जोड़ी ने कमाल करके दिखा दिया। ईडी के छापे और माइनिंग के जाल में झारखंड के मुख्यमंत्री ................को ऐसा उलझाया कि वह भी राष्ट्रपति के चुनाव में अपना गठबंधन धर्म भूलकर जोड़-तोड़ और समझौते के धर्म में शामिल होकर मुर्मू के पक्ष में नतमस्तक हो गए। झारखंड से यशवंत सिन्हा को समर्थन नहीं मिलना सभी को आश्चर्य में डाल रहा है। महाराष्ट्र के चक्रब्यूह में उद्धव ठाकरे को फंसाकर मोदी-शाह की जोड़ी ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बगावत कराकर ठाकरे को मुख्यमंत्री से हटा दिया। उसके बाद जीवित रखने की शर्त पर ठाकरे से आत्मसमपर्ण कराकर शिवसेना के सांसदों और विधायकों के एकमुस्त वोट राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव में हासिल कर अपने गुमनाम उम्मीदवार को जिताकर सारी दुनिया में जीत का डंका बजा दिया।

मोदी-शाह की जोड़ी महीनों पहिले से जाल बुनना शुरु कर देती है। जाल में जिन्हें फंसाना है। उसके लिए दाने भी मोदी-शाह की टीम डालती है। जब जाल में उनके शिकार फंसना शुरु होते है। समय आने पर एक ही झटके में शिकार को जाल में फंसाकर काबू करना मोदी-शाह की राजनीति का हिस्सा होता है। उड़ीसा की आदिवासी महिला के राष्ट्रपति के नाम पर सारे देश में आदिवासी कार्ड उस समय खेला, जब सारा देश हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण में उलझा हुआ था। आदिवासी के नाम पर उड़ीसा के सारे वोट जो किसी भी राजनैतिक दल के हों। एक ही झटके में द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में गिरे। वहीं एक दर्जन से अधिक राज्यों के आदिवासी वर्ग में द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में समर्थन हासिल कर विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष को भी मोदी-शाह की जोड़ी ने आश्चर्य चकित कर पार्टी के अंदर की भी सारी चुनौतियों को एक ही झटके में समाप्त कर दिया।

### मोदी-शाह का भय

मोदी-शाह की जोड़ी कब क्या करेगी। इसका एहसास बड़े-बड़े शीर्ष भाजपा के नेताओं को भी नहीं हो पाता है। संघ से भी जानकारी देने में गोपनीयता बरती जाती है। समय आने पर मोदी-शाह का निर्णय सभी के लिए विष्फोट की तरह होता है।

# नए संसद भवन पर लगे राष्ट्रीय चिन्ह से छेड़ छाड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा

### सूडोकु नवताल- 6145

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

विनोद तकियावाला

सेन्ट्रल बिस्टा परियोजना शुरू से चर्चा में रही है।इस परियोजना को लेकर सता के गलियारों से आम जनता की जुबान व जिज्ञासा का केन्द्र रहा है।इस परियोजना की महत्व इस बात से लगाया जा सकता है कि यह प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पसंदीदा परियोजनाओं में से एक है। जिसकी झलक स्वंय मोदी जी परियोजना परिसर का कभी औचक निरीक्षण कर परियोजना से जुड़े अधिकारीयों व कर्मचारी से विचार विर्मश करते रहना है। विगत दिनों सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अर्न्तगत निर्माणाधीन नए संसद भवन परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तम्भ का अनावरण किया था।हालाकि इस अवसर पर विपक्षी दलों के नेताओं को आमंत्रित तक नही गया था।जिसकी कॉग्रेश समेत विपक्षी नेता ओ ना केवल आलोचना की बल्कि मोदी सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि संसद किसी सरकार की नही होती है।इस भाजपा द्वारा सफाई देते कहा कि सरकार नए संसद भवन का निंमाण कर सौंपेगी।

यह मामला अभी शांत भी नही हुआ था कि एक बार फिर से सेंट्रल विस्टा में लगे राष्ट्रीय चिन्ह का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

याचिका कर्ता द्वारा सेंट्रल विस्टा में लगे राष्ट्रीय चिन्ह में लगें शेरों की उग्र मुद्रा पर उठाए गये । आप को बता दे कि इस विवाद को लेकर सरकार की तीखी आलोचना हुई थी।अब पुनः इसी मामले



को लेकर सर्वोच्य न्यायलय में एक याचिका दायर की गई।याचिका कर्ता द्वारा राष्ट्रीय चिन्ह में लगे शेरों की उग्र मुद्रा पर सवाल उठाए गए हैं। यह मामला दो वकीलों ने याचिका दायर कर कहा है कि ये सारनाथ में रखे गए मूल प्रतीक से अलग है।सुप्रीम कोर्ट सरकार को इसमें सुधार करने का आदेश दे।

वकील अल दानिश रेन और रमेश कुमार मिश्रा की याचिका में कहा गया है कि सेंट्रल विस्टा में बन रहे नए संसद भवन की छत पर लगाया गया प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय चिन्ह से अलग है।इस वजह से इसे लगाना भारतीय राजचिन्ह के गलत इस्तेमाल को रोकने वाले कानून-स्टेट एमब्लम ऑफ इंडिया(प्रोहिबिशन अगेंस्ट इम्प्रॉपर यूज़)एक्ट,2005 का उल्लंघन है।याचिका मे दोनों वकीलों ने कहा है कि संसद भवन की छत पर लगाए गए प्रतीक में शेर उग्र नजर आ रहे हैं।उनके मुंह खुले हैं।जिसमें नुकीले दांत दिख रहे हैं।इसमें देवनागरी लिपि में %सत्यमेव जयते%भी नहीं लिखा, जो कि राष्ट्रीय प्रतीक का अनिवार्य हिस्सा है।राष्ट्रीय चिन्ह में इस तरह का बदलाव गलत है । याचिका कर्ता ने अपील की है कि सुप्रीम कोर्ट सरकार को इसे सुधारने का आदेश दे।

. गौर तलब रहे कि निर्माणाधीन संसद के नए भवन की छत पर लगा ये प्रतीक कांस्य से बना हैद्ध जिसका कुल वजन 9,500 किलोग्राम है और इसकी ऊंचाई 6.5 मीटर है।इसे नए संसद भवन के केंद्रीय फोयर के शीर्ष पर कास्ट किया गया है।प्रतीक के समर्थन के लिए लगभग 6,500 किलोग्राम वजन वाले स्टील की एक सहायक संरचना का निर्माण किया गया है।विपक्षी पार्टियों ने शेरों की बनावट के लिए सरकार को घेरा ।

विगत दिनों इसके उद्घाटन के बाद विपक्षी पार्टियों ने शेरों की बनावट और आक्रामक मुद्रा को लेकर सरकार पर निशाना साधा था।इसके जवाब में सरकार ने कहा था कि काफी शोध करने के बाद ही इस राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ को नए संसद भवन में स्थापित किया गया हैद्धइस संदर्भ में अन्तिम फैसला माननीय सर्वोच्य न्यायालय को करना है।हमे आप से फिलहाल यह कहते हुए बिदा लेना है %ना ही काहूँ से दोस्ती ,ना ही काहूँ से बैर॥खबरी लाल तो माँगे ,सबकी खैर।

**फिल मिलेगे,तीरक्षी नजर से तीखी खबर के संग,अलविदा**

**लेखक स्वतंत्र पत्रकार है।**

## माता-पिता में बसते हैं समस्त तीर्थ

डॉ. सौरभ मालवीय

आज के युग में उन्नति का अर्थ केवल धनोपार्जन से लिया जा रहा है अर्थात जो व्यक्ति जितना अधिक धन अर्जित कर रहा है, वह उतना ही सफल माना जा रहा है। मनुष्य की उन्नति की इस परिभाषा ने पारिवारिक संबंधों से मान-सम्मान ही समाप्त कर दिया है। माता-पिता बड़े लाड़-प्यार से अपने बच्चों का लालन-पालन करते हैं। उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के लिए यथासंभव प्रयास करते हैं। बच्चे बड़े एवं शिक्षित होकर माता-पिता को छोड़कर दूर महानगरों अथवा विदेशों में जाकर रहने लगते हैं। ऐसी स्थिति में असहाय वृद्ध माता-पिता अकेले रह जाते हैं। ऐसे लोग भी बहुत हैं, जो एकल परिवार चाहते हैं। वे अपने वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम में डाल देते हैं। ऐसे समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं कि वृद्धों को उनके ही बच्चों द्वारा मारा पीटा जा रहा है। उन्हें भरपेट भोजन नहीं दिया जाता तथा अस्वस्थ होने पर उनका उपचार नहीं भी करवाया जाता। ऐसे में उनका जीवन नारकीय बन जाता है।

देश में वृद्ध लोगों की संख्या तीव्र गति से बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्ध जनसंख्या वर्ष 2050 तक वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत होने का अनुमान है। वर्तमान में यह दर 8 प्रतिशत है। वर्ष 2050 तक वृद्धों की संख्या में 326 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जबकि इनमें 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या में 700 प्रतिशत होने का अनुमान है। गैर सरकारी संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार लॉक डाउन की समयावधि में 73 प्रतिशत वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, जबकि 35 वृद्धों को घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ा अर्थात उनके साथ उनके ही परिवार के सदस्यों ने मारपीट की।

चिंता का विषय यह है कि जिस प्रकार वृद्धों की यह संख्या निरंतर बढ़ रही है तथा परिवारजनों द्वारा वृद्धों की अवहेलना की जा रही है, ऐसी स्थिति में उनका जीवन स्तर क्या होगा? ऐसे समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं कि अमुक व्यक्ति विदेश में रहता है तथा उसके अकेले रह रहे वृद्ध पिता या माता की मृत्यु हो गई। शव की दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। ये मामले बहुत ही अमानवीय हैं। माता-पिता अपने कई बच्चों को अकेले पाल लेते हैं, परंतु कई बच्चे मिलकर भी अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति क्यों है? उत्तर यही है कि उनके मन में माता-पिता के लिए मान-सम्मान एवं प्रेम नहीं है। इसका स्थान स्वार्थ ने ले लिया है।

# जौरा जनपद अध्यक्ष के चुनाव में हुआ घमासान, प्रशासन पर लगाया मनमानी का आरोप





### श्रीमती प्रिया नरेंद्र सिंह चुनी गई अध्यक्ष, हारे प्रत्याशी के समर्थकों ने की नारेबाजी

**मुरैना।** जिले में पोरसा, अंबाह, मुरैना एवं जौरा जनपद मैं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ,जिले की चारों जनपद पर भाजपा के प्रत्याशी विजई रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जौरा का चुनाव अखबारों एवं चैनलों की सुर्खियों में बना रहा। यहां पर जिस तरह से प्रशासन द्वारा मनमानी की गई और जनपद पंचायत के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया, उसके बाद वहां हारे हुए प्रत्याशी के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। जौरा जनपद में 25 सदस्य जीत कर आए थे और बुधवार को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न होना था, जिसमें एक ओर से टिंकू नरेंद्र सिंह सिकरवार तो दूसरी ओर से श्रीमती प्रिया नरेंद्र सिंह सिकरवार आमने-सामने थे। अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग होने से पूर्व जनपद पंचायत इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी वहां तैनात रहे। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा जनपद में जीत कर आए सदस्यों को एक बस के माध्यम से मतदान स्थल तक लाया गया और वोटिंग कराई गई। वोटिंग के दौरान भारी संख्या में किराए के बाउंसर भी बुलाए गए थे, मतदान के दौरान चुनाव काफी संवेदनशील हो गया था और ऐसा लग रहा था कि कहीं उत्पात ना हो जाए। वोटिंग के दौरान अध्यक्ष पद के दोनों दावेदार व उनके समर्थकों के बीच कई बार विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। अंत में प्रशासन द्वारा वोटिंग संपन्न करा ली गई, जिसमें श्रीमती प्रिया नरेंद्र सिंह शुक्रवार को 13 मत मिले, जबकि टिंकू नरेंद्र सिंह सिकरवार को 12 मत मिले। टिंकू नरेंद्र सिंह के समर्थकों का कहना था कि प्रशासन द्वारा पूरा चुनाव लड़ा गया और मनमानी की गई है। इस वोटिंग में एक वोट कैंसिल होता, लेकिन वह प्रशासन द्वारा नहीं किया गया।

### मुरैना जनपद से मोहर सिंह अध्यक्ष एवं रबूदा उपाध्यक्ष बने



मुरैना जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण रहा और यहां पर भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। भाजपा समर्थित मोहर सिंह कंसाना को 14 मत मिले, जबकि उनके सामने अध्यक्ष पद के लिए खड़े हुए रबूदा गुर्जर को 10 वोट मिले मुरैना जनपद में 25 सदस्य चुने गए, जिसमें 24 हाजिर है और एक अनुपस्थित रहा। वहीं पूर्व मंडी अध्यक्ष वीरेंद्र हर्षाना की पुत्रवधू श्रीमती आरती गिर्राज हर्षाना निर्विरोध उपाध्यक्ष पद पर चुनी गई।

### अम्बाह में मधुरिमा तोमर अध्यक्ष, शिशुपाल उपाध्यक्ष मनोनीत



**अम्बाह।** जनपद पंचायत अम्बाह का निर्वाचन जनपद भवन अम्बाह में चुनाव रिटर्निंग अधिकारी राजीव समाधिया की मौजूदगी में संपन्न हुआ। चुनाव में वार्ड नं 22 धनसुला पंचायत से निर्वाचित जनपद सदस्य मधुरिमा तोमर पुत्री रामहरि तोमर घोषित 25 में से 15 मत प्राप्त कर विजयी हुई। वहीं उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वार्ड नं 01 कुथियाना पंचायत से निर्वाचित जनपद सदस्य निर्मला पत्नी राजप्रताप तोमर वार्ड नंबर को 10 मत प्राप्त हुए। जब कि वार्ड 11 भड़ोली पंचायत से निर्वाचित जनपद सदस्य शिशुपाल सिंह सखवार निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुने गए।

### पोरसा जनपद अध्यक्ष पद पर अनुराधा देवेश निर्विरोध निर्वाचित

**पोरसा।** भारतीय जनता पार्टी ने जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद पर किया कब्जा, अपने वार्ड क्रमांक 23 के उम्मीदवार श्रीमती अनुराधा देबैश सिंह तोमर ग्राम नंदपुरा बने जनपद अध्यक्ष, जो पोरसा के रिकॉर्ड के अनुसार सबसे कम उम्र की अध्यक्ष बनी। जिलाधीश बी कार्तिकेयन के आदेशानुसार जनपद पंचायत पोरसा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर सुरेश बराहदिया को नियुक्त किया था एवं उनके साथ तहसीलदार अनिल राघव, नायब तहसीलदार मनोज धाकड़, शांतेश सिंह तोमर पटवारी वह पुष्पेंद्र सिंह राजावत एवं पुलिस फोर्स के मध्य अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव शुरू हुआ जिसमें समय के अनुसार श्रीमती अनुराधा देवेश सिंह तोमर वार्ड क्रमांक 23 ने अध्यक्ष का नामांकन भरा। उनके विरोध में कोई भी नामांकन नहीं आया, इसलिए पीठासीन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मुरैना के द्वारा अनुराधा पत्नी देवेश सिंह तोमर को जनपद अध्यक्ष घोषित किया गया। यह सबसे कम उम्र की पहली अध्यक्ष पोरसा के जनपद के इतिहास में चुनी गई हैं। श्रीमती अनुराधा का जन्मतिथि 8 दिसंबर 1988 है, आपकी शिक्षा एमए बीएड है।



# वृक्ष मनुष्य को ईश्वर का अनुपम उपहार है: संतोष दुबे

### -स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत वृक्षारोपण एवं व्याख्यान का कार्यक्रम संपन्न

**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाडे के तहत नगर पंचायत अकोड़ा में जय महाकाल महाविद्यालय परिसर में व्याख्यान एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया, जिसका विषय बृक्षारोपण का महत्व रहा। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य लेकर मनाये जा रहे स्वचछता पखवाडे में वृक्षारोपण व वृक्षो के महत्व पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पर्यावरण शिक्षक यतीन्द्र शर्मा ने पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले कारकों का विस्तृत बर्णन किया, साथ ही बताया कि किस प्रकार प्रदूषण को रोककर पर्यावरण को शुद्ध रखा जा सकता है। इस अवसर पर श्री दुबे ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुये बताया कि एक बवृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है व हमारे देश में वृक्षों की पूजा की जाती है क्योंकि वृक्षों से हमें प्राण




बायु ऑक्सीजन प्राप्त होती है। वृक्ष मनुष्य को ईश्वर का अनुपम उपहार है, वृक्ष संत है जो अपने फल मनुष्य व अन्य जीव को उपयोग के लिए देते है व स्वयं सभी मौसमों में खुले में रहते है। कोरोना के संकट में हमने ऑक्सीजन व वृक्ष के महत्व को जाना। वृक्षों से बर्षा होती है जो अनाज उत्पादन का आधार है, इसलिए हमें वृक्षो का संरक्षण करना चाहिये। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने बृक्षारोपण करने व बृक्षों का संरक्षण करने की शपथ ली। इस अवसर पर यतीन्द्र शर्मा, धीरेन्द्र भदौरिया (संचालक जय महाकाल स्कूल अकोडा), जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिहं कुशवाह, कम्पयूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर एवं महाकाल स्कूल के 57 छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड पाठ के सामूहिक वाचन से मनुष्य के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है : अंजली जैन

**अम्बाह।** माथुर वैश्य महिला मंडल अम्बाह द्वारा श्रावण मास के पवित्र अवसर पर विश्व शांति, जन कल्याण की कामना को लेकर मंदिर श्री श्यामसुंदर सरकार पोरसा चौराहे पर संगीतमयी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का वाचन किया गया। इस अवसर पर आयोजन में मौजूद वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती अंजलि जिनेश जैन ने कहा कि श्री सुंदरकांड पाठ गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज द्वारा लिखा गया है। श्रीमती अंजली जैन ने कहा कि इस अध्याय में भगवान श्री राम के गुणों की नहीं बल्कि उनके भक्त के गुणों और उसके विजय की बात बताई गई है। इसलिए ये रामचरितमानस के अन्य अध्याय से अलग माना गया है। श्रीमती जैन ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने वाले भक्त को हनुमान जी बल प्रदान करते हैं जिससे भक्त के आसपास नकारात्मक शक्ति नहीं आ पाती है। माना जाता है कि जब भक्तों का आत्मविश्वास कम हो जाए या जीवन में कोई काम ना बन रहा हो, तो सुंदरकांड का पाठ करने से सभी काम अपने आप ही बनने लगते हैं और आत्मविश्वास में बढोतरी होती है। अंजली जैन ने कहा कि जब घर में रामायण पाठ रखा जाए तो उस पूर्ण पाठ में से सुंदरकांड का पाठ घर के किसी सदस्य को ही करना चाहिए। इससे घर में सकारात्मक शक्तियों का प्रवाह होता है। श्रीमती ममता गुप्ता एवं श्रीमती कंचन चौहान ने कहा कि सुंदरकांड पाठ की एक-एक पंक्ति और उससे जुड़ा अर्थ, भक्त को जीवन में कभी हार न मानने की सीख देता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार किसी बड़ी परीक्षा में सफल होना हो तो परीक्षा से पहले सुंदरकांड का पाठ अवश्य करना चाहिए। आयोजन के दौरान पार्षद श्रीमती अंजलि जिनेश जैन का संगठन की महिलाओं ने पौधा भेंट कर सम्मान किया।



# सीएम के इशारे पर प्रशासन रहा बेवस, पर्याप्त संख्या होने के बाद भी मेरे भतीजे को चुनाव हराया: वृंदावन सिंह

### जिस तरह कमलनाथ की सरकार गिराई थी, वही धनबल बाहुबल का उपयोग छोटे चुनावों में किया

**मुरैना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह सिकरवार ने जनपद पंचायत चुनाव में सीएम के इशारे पर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को लोकतंत्र के लिए हानिकारक बताते हुए कहा कि जनपद पंचायत अधिनियम के अंतर्गत सभी नियम पुलिस एवं प्रशासन द्वारा तोड़ दिए गए और पर्याप्त संख्या होने के बावजूद मेरे छोटे भाई के लड़के टिंकू नरेंद्र सिंह सिकरवार को चुनाव हरा दिया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे चुनाव में भी सीएम शिवराज सिंह के इशारे पर नियमों की धज्जियां उड़ाई गई हैं। श्री सिकरवार ने कहा कि जनपद पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में जौरा जनपद से अध्यक्ष के लिए मेरे छोटे भाई का बेटा टिंकू नरेंद्र सिंह चुनाव लड़ा और उस पर 14 वोट पर्याप्त संख्या में होने के बाद भी प्रशासन द्वारा सीएम शिवराज सिंह, स्थानीय विधायक के इशारे पर हराने का काम किया है जिस तरह से चुनी हुई कमलनाथ सरकार को धनबल व बाहुबल के चलते गिराकर भाजपा ने सरकार बनाई, उसी तरह गुंडों की दम पर जनपद का चुनाव कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 10 महिला प्रत्याशी ऐसी थी, जो सभी साक्षर थी, लेकिन उसके बावजूद उन्हें निरक्षर लिखा गया, हो सकता है दो-तीन निरक्षण हों, लेकिन सब निरक्षर नहीं थी, जो जनपद अध्यक्ष चुनी गई है वह एमएससी पास है। उन्होंने कहा कि वोटिंग के दौरान मुझे शंका थी के मेरे छोटे भाई का बेटा या उनके समर्थक अंदर होते तो उनकी हत्या हो सकती थी या कोई गंभीर अपराध प्रकरण प्रशासन दर्ज करा सकता था। उन्होंने बताया कि वार्ड



4 से कामेश गुर्जर पत्नी रणवीर गुर्जर ने दिखा करके वोट लिया गया, जब इस पर आपत्ति की गई तो कोई कार्यवाही नहीं हुई, जबकि यह वोट रिजेक्ट होना चाहिए था। उन्होंने बताया कि ब्लैक कमांडो के नाम से भाजपा के लोगों ने अपराधी गुंडे बदमाशों को हमारे समर्थकों को डराने धमकाने के लिए बुलाया था और बड़ी संख्या में वह लोग मौजूद थे, जिससे हमारे समर्थक भयभीत रहे। श्री सिकरवार ने कहा कि जिस तरह से राज्य की सरकार गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त कर हॉर्स ट्रेडिंग की जाती है, उसी तरह जनपद पंचायतों के चुनाव में भी यही स्थिति निर्मित कर दी गई, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का पतन जौरा जनपद ही करेगा। 2023 में होने वाले चुनाव में शिवराज के नेतृत्व में भाजपा बुरी तरह चुनाव हारेगी। उन्होंने कहा कि जिलेभर में प्रशासन द्वारा इस बार जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के चुनाव में जीते हुए प्रत्याशियों को हराया गया और हारे हुए प्रत्याशियों को जिताया गया है। उन्होंने जौरा जनपद के वार्ड क्रमांक 18 से उम्मेद सिंह कुशवाह फौजी का उदाहरण दिया और वार्ड 15 से जगदीश राठौर का उदाहरण दिया और बताया कि यह दोनों प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे, लेकिन बाद में प्रशासन ने हरा दिया। वहीं जिला पंचायत सदस्य का चुनाव हारने वाली आरती गुर्जर को प्रशासन ने जीता दिया।

### संतराम ने जनपद अध्यक्ष के पति को हराया और लगाए आरोप

जौरा जनपद पंचायत के सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक 10 से संतराम रावत के विरुद्ध द्वारा जनपद अध्यक्ष के लिए नवनिर्वाचित श्रीमती प्रिया सिकरवार के पति नरेंद्र सिंह सिकरवार चुनाव लड़े और लगभग 1000 मतों से संतराम रावत ने उन्हें हराया। संतराम रावत ने मीडिया के समक्ष आरोप लगाया कि नरेंद्र सिंह द्वारा चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को तरह-तरह के प्रलोभन दिए और एक एक वोट की कीमत 5-5 हजार रुपए तक लगाई गई तथा सभी तरह के हथकंडे अपनाए गए।

# नैरोगेज से ब्रॉडगेज परिवर्तन के कार्य में अंडर ब्रिज निर्माण के लिए दिया ज्ञापन

**कैलारस।** वर्तमान में नगर कैलारस के अंतर्गत नेरोगैज से ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य द्रुत गति से जारी है। इसके लिए दोनों ओर ऊंची दीवार बनाई जा रही है। जिसमें अस्पताल जाने के लिए वार्ड 1, 2, 3, 6, 7 के लिए कोई रास्ता नहीं रखा गया है। इससे लगभग 10, हजार की आबादी के लिए अस्पताल जाने का रास्ता बंद हो रहा है। परंपरागत रूप से कृष्ण मार्ग के सामने से कृष्ण मार्ग, कुशवाह मोहल्ला, बाल्मीकि मोहल्ला, रजक मोहल्ला, इस्लाम मार्ग, पुरानी मस्जिद गली आदि सभी बस्तियां अस्पताल के लिए आती-जाती हैं। इस संबंध में पूर्व में रेल मंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों को बस्ती के निवासियों की ओर से ज्ञापन दिए गए हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

इसी क्रम में बुधवार को तहसीलदार कैलारस भरत कुमार को ज्ञापन प्रस्तुत कर अस्पताल के लिए रास्ता हेतु अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अशोक तिवारी,



डॉक्टर हरि सिंह शाक्य, गब्बर सिंह, इलियास खान शामिल रहे। दिए गए ज्ञापन की प्रतियां कलेक्टर, एसडीएम तथा मैनेजर एनसीआर झांसी को भी भेजी गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि अस्पताल के लिए उक्त बस्तियों के आवागमन को जारी रखने हेतु कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाया जाए।

# फरियादी ने पकड़े चोर व ऑटो पुलिस को सौंपा, नहीं हुआ माल बरामद

### कोतवाली पुलिस ने कहाः मामला संदिग्ध जांच कर रहे हैं

**मुरैना।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत सोमवार मंगलवार की देर रात माधौपुरा पुलिया रोड पर एडिक्शन कलेक्शन रेडीमेड कपड़े की दुकान से दीवार तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए का कपड़ा भर ले गए और फरियादी ने सीसीटीवी कैमरा की फुटेज के आधार और अपने स्तर से जांच पड़ताल करते हुए 2 चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया और ऑटो भी पुलिस को सौंप दिया है, वहीं इस मामले में पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध है, जिसकी जांच हो रही है। गौरतलब है कि माधौपुरा पुलिया रोड पर हाकिम सिंह की डेयरी के सामने स्थित एडिक्शन कलेक्शन के संचालक राजू उर्फ राजेश सिंह की दुकान से अज्ञात चोर दीवार तोड़कर लगभग 9 लाख रुपए का कपड़ा एवं 27 हजार से अधिक की राशि चोरी कर ले गए। फरियादी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दी गई, लेकिन पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। तब फरियादी द्वारा अपने स्तर से सीसीटीवी कैमरा को देखकर फोटो की पहचान की और फिर राठौर कॉलोनी में पहुंचकर पड़ताल की, तब पता चला के चोरी करने वाले लोग गंदी पोखर इस्लामपरा मैं रहते हैं, जिस पर से फरियादी व उसके साथियों ने इस्लामपुरा में कलारी के सामने वाली गली में पहुंचकर पड़ताल की और सनी राठौर तथा अर्जुन पुत्र सुरेश राठौर को पकड़ लिया, जिन्होंने चोरी करना बताया है। वहीं सनी का छोटा भाई चंपा अभी गायब है। फरियादी को मौके पर माल तो नहीं मिला, लेकिन जो ऑटो सीसीटीवी में देखी गई थी, वह मिल गई। दौनों चोर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं, लेकिन चोरी का माल नहीं मिला है। इधर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह का कहना है कि मामला संदिग्ध है, जिसकी जांच की जा रही है।



# मेडिकल कॉलेज में पहली बार हुई कूल्हे की टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी

## मध्यप्रदेश के नए मेडिकल कॉलेजों में दतिया मेडिकल कॉलेज पुनःअग्रणी

## दतिया मेडिकल कॉलेज में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी होना बड़ी बात है: डॉ.उदैनिया

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया ।** मेडिकल कॉलेज दतिया अपने आरम्भ से ही नए बने मेडिकल कॉलेज में अग्रणी रहा है, एवं अपनी सेवाओं के बिस्तार में भी पुनः अग्रणी है। बुधबार को मेडिकल कॉलेज के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट द्वारा कूल्हे की टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलता पूर्वक संपन्न की। दतिया निवासी नारायण अहिरवार का दाहिना कुल्हा ए व्ही एन नामक बीमारी के कारण खराब हो गया था अतः असहनीय दर्द से मरीज चलने फिरने में भी असमर्थ हो गया था, डॉक्टर को दिखाने पर डॉक्टर द्वारा कुल्हा बदलने की सलाह दी गयी परंतु कुल्हा बदलने का ऑपरेशन बड़ा होने के कारण 1.5 से 2 लाख रुपये तक खर्चीला था ,अतः मरीज अनेक जगह इलाज कराकर हताश हो गया था। मेडिकल कॉलेज दतिया की ओपीडी में दिखाने पर मरीज का



आयुष्मान कार्ड बनवाया गया एवं समस्त जांच एवं परीक्षण उपरांत बुधवार को सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। मरीज के भर्ती होने से लेकर ऑपरेशन तक पूर्णतः निःशुल्क इलाज हुआ एवं कुल्हा बदलने का सामान आयुष्मान योजना के माध्यम से उपलब्ध हुआ। ऑपरेशन डॉ.मयंक बंसल की टीम के द्वारा किया गया जिसमें डॉ.मुकेश शर्मा, डॉ.अभिषेक लाहिरी, डॉ.अंशुमन शुक्ला, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ.भरत वर्मा, ओटी स्टाफ सिस्टर पूनम एवं सोनू बाल्मीकि मुख्य भूमिका में रहे। ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मेडिकल डीन डॉ.दिनेश उदैनियाँ ने समस्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी एवं सभी साथी चिकित्सकों के द्वारा ऑर्थोपेडिक बिभाग को बधाई दी गयी। मध्यप्रदेश के सात नए बने मेडिकल कॉलेजों में टोटल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला प्रथम एवं एकमात्र मेडिकल कॉलेज दतिया है, पूर्व में भी एमबीबीएस एवं एम डी सीट की मान्यता सर्व प्रथम दतिया मेडिकल कॉलेज को ही मिली थी।इस अवसर पर हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ मुकेश शर्मा ने कहा कि दतिया जिले के नागरिकों के लिए इस प्रकार की सुविधा दिलाने के लिए माननीय गृहमंत्री जी का कोटि कोटि आभार।हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग के सह प्राध्यापक डॉ मयंक बंसल ने कहा कि आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीब मरीज का इस प्रकार का जटिल ऑपरेशन दतिया में ही संभव हो पाया, भविष्य में इस प्रकार के और ऑपरेशन कर अंचल के मरीजों को लाभ पहुचाने का प्रयास रहेगा।इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने कहा कि दतिया के मरीजों को आयुष्मान योजना के माध्यम से जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी बड़ी सर्जरी की सुविधा निःशुल्क मिल रही है एवं भविष्य में और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा।

उपरोक्त जानकारी मेडिकल कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.हेमंत जैन द्वारा प्रदान की गई!

# नरवर जनपद पंचायत पर पाल-बघेल समाज प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल दद्दा की बहू प्रियंका निर्विरोध अध्यक्ष बनी

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–अनुविभाग की नरवर जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया है।यहां प्रियंका गौरव पाल को 'निर्विरोध' जनपद अध्यक्ष चुन लिया गया है।प्रियंका भाजपा के



सीनियर लीडर व पाल बघेल समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल पाल दद्दा के बेटे गौरव की धर्मपत्नी हैं। जनपद पंचायत कार्यालय में हुए चुनाव में निर्विरोध भाजपा जनपद अध्यक्ष बनने पर जनपद कार्यालय के बाहर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों के साथ पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। बहू के निर्विरोध जनपद अध्यक्ष बनने पर गोपाल पाल ने कहा कि पूरे क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास करेंगे। जनपद के कार्य क्षेत्र में आने वाली सभी मूलभूत समस्याओं को पूरी ईमानदारी से उन सभी समस्याओं का निराकरण करेंगे। पीठासीन अधिकारी और करैरा एसडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला ने शांतिपूर्वक चुनाव हुए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सरकार के खिलाफ कर्मचारीयों ने किया आक्रोश व्यक्त

## मांग पुरी नही होने पर करेगें अनिश्चितकालीन आंदोलन

**ब्यूरो चीफ अश्वनी अवस्थी**

छत्तीसगढ महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर आंदोलन के तीसरे दिन छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनरतले विकासखंड मैनपुर के उपखंड अमलीपदर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभाग के कर्मचारीयों ने धरना स्थल में भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दी!और अपने प्रमुख मांग महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता जैसे दो सूत्रीय मांग को लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए खूब नारेबाजी किया !ज्ञात हो कि आंदोलन के तीसरे दिन सैकड़ों की संख्या में अधिकारी अधिकारी कर्मचारी धरना स्थल में डटे रहे !फेडरेशन संयोजक मंडल में प्रमुखरूप से वरूण चक्रधारी,देवशरण साहू, अयोध्या राम



टाडिया,लोकेन्द्र अवस्थी,कमल किशोर ताम्रकार सुभाष पाण्डेय,जयमल यादव दिलीप सिन्हा, भागीरथी नागेश, जयप्रकाश नागेश,मदन मिश्रा,तेज कुमार सिन्हा जगन्नाथ सोनवानी किशोर मिश्रा,तीरथ राम श्रीवास लैबानो खरसैल,किशन राम साहू,यशवंत साहू सुनील सुर्यवंशी भोला सिंह मांझी, मिलाप यादव,नीलाधर प्रधान,सुनील अवस्थी,डिगेश देवांगन,भुवेंद्र साहू, राजेश राव सिन्धे,लक्ष्मीकांत दूबे,फूलधर पावडे कृष्ण कुमार,तथा मोर्चा से प्रमिला सिन्हा,गीता ठाकुर,द्रौपदी मरकाम,अनिता ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे!

# मारपीट करने वाले अभियुक्तगण को एक वर्ष का सश्रम कारावास

## एवं 1000 /- रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**–मारपीट करने वाले अभियुक्तगण को न्यायालय श्रीमती सरिता पारस जेएमएफसी गोहद द्वारा एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 /- रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी / सहा0 मीडिया सेल प्रभारी श्री राजवीर सिंह गुर्जर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 29.10.2017 को समय लभगभग 04 बजे फरियादी शेर सिंह यादव अपने खेत पर काम रहा था. उसकी गंगा सिंह यादव से पुरानी रंजिश चल रही थी. तभी अभियुक्त गंगा सिंह, बादशाह सिंह लाठी लेकर आये और उसे मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगे उसने गालिया देने से मना किया तो अभियुक्त गंगा सिंह ने उसके लाठी मारी जो उसके दाहिने हाथ के कौंचा में लगी जिससे उसे चोट आयी एवं अभियुक्त बादशाह ने उसे पटक दिया। वक्त घटना कमल सिंह एवं चरन सिंह थे, जिन्होंने घटना देखी एवं बीच बचाव किया है। फरियादी द्वारा की गयी उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना गोहद के द्वारा अपक्र0 253 / 2017 धारा 323, 294, 34 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गयी थी। प्रकरण की विवेचना में साक्षीगण के कथन लिये गए। घटनास्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया। आहत का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जप्ती की कार्यवाही की गयी एवं आरोपीगण की गिरफ्तारी की गयी। आवश्यक विवेचना पश्चात् आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में अभियोजन का संचालन श्रीमती प्रीती शाक्य, सहा0 जिला अभियोजन अधिकारी गोहद के द्वारा किया गया। मान0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोहद जिला भिण्ड द्वारा दिनांक 27/07/2022 को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य से सहमत होते हुये अभियुक्तगण बादशाह यादव पुत्र जगत सिंह यादव एवं गंगा सिंह यादव पुत्र जगत सिंह यादव को धारा 325, 34 भादवि के आरोप में प्रत्येक को एक-एक वर्ष सश्रम कारावास एवं पृथक-पृथक 1000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी की अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही, किया बेदखल

## दहीयान के बहाने जंगल में किया था अतिक्रमण

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** जिले की लांजी तहसील में वन परिक्षेत्र पूर्व क्षेत्र लांजी के द्वारा लगातार जंगल में अतिक्रमण कर रहे लोगों पर बेदखली की कार्रवाई कर वनों की रक्षा की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में



विगत दिवस 26 जुलाई 2022 की रात्रि में वन परिक्षेत्र पूर्व लांजी अंतर्गत नल्लीझरी बीट के कक्ष क्रमांक 297 बोदरा घाटी के जंगल में वन क्षेत्र में अतिक्रमण की नियत से स्थानीय लोगों के द्वारा दहियान के बहाने रातों-रात अस्थाई झोपड़ी बनाकर और मवेशियों को लाकर दहियान और अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था, जिसको तत्काल उपवन मंडल अधिकारी लांजी राजा खरे एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व लांजी शिशुपाल अहिरवार के मार्गदर्शन में टीम का गठन करके मौके से बेदखली की कार्रवाई की जाकर अपराधियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया । उक्त कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बालाघाट और वन मंडल अधिकारी दक्षिण बालाघाट के निर्देशन में बरसात के दिनों में वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और अवैध दहियान हटाने के लिए चलाएं जा रहे अभियान के तहत की गई। जिसमें परिक्षेत्र पूर्व लांजी का समस्त वन अमला और वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी का स्टाफ मौजूद रहा 7

# कोविड बैकसीनेशन अमृत महोत्सव का शुभारंभ

## -राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने दीप प्रज्जवलित किया श्री गणेश

## -18 से 59 आयु वर्ग के सभी नागरिकों को लगेंगे निशुल्क प्रकोशन डोज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरूण खंगार पोहरी**

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 18 से 59 आयु वर्ग के सभी नागरिकों को निशुल्क प्रकोशन डोज लगाने हेतु 21 जुलाई से 30 सितम्बर 2022 तक कोविड बैकसीनेशन अमृत महोत्सव प्रारंभ किया गया है। जिसका शुभारंभ एक सादा समारोह के दौरान राज्यमंत्री दर्जा एवं पाठ्य पुस्तक निगम के उपाध्यक्ष प्रहलाद भारती ने किया। शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं राज्यमंत्री दर्जा प्रहलाद भारती ने कहा कि भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से देश में कोविड वैकसीनेशन क क्षैत्र में अनुकरणीय कार्य हुआ है। जिसके कारण ही आज बिना मास्क के लोग





पूर्व की भांति जीवन यापन कर पर रहे हैं। देश की नरेन्द्र मोदी सरकार तथा प्रदेश की शिवराज सरकार ने जिस प्रकार कोविड वैकसीनेशन कर देश के नागरिकों को बचाया अब प्रकोशन डोज के माध्यम से सुरक्षित करने का कार्य कर रही है। प्रकोशन डोज लगाए जाने का अमृत महोत्सव 21 जुलाई से 30 सितम्बर तक ही है इसलिए आम व्यक्ति को स्व जागरूकता के साथ आगे आकर इस अभियान का लाभ उठाना चाहिए।

कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने पहले कोविड बोरियर्स का कोविड टीकाकरण कराया उसके बाद वृद्धों, बीमारों का तथा उसके बाद 15 बर्ष तक की आयु के प्रदेश बासियों को टीकाकरण कराकर कोविड जैसी संचारी बीमारी से राहत प्रदान की। इसी प्रकार प्रकोशन डोज कोरोना बॉरीयर्स को लगाए जा चुके हैं अब 18 से 59 बर्ष तक के सभी नगारिकों को प्रकोशन डोज लगाए जाने की बारी है। प्रकोशन डोज अभी तक आम नागरिकों को सशुल्क प्रायवेट अस्पतालों में उपलब्ध था पर सरकार ने इस निशुल्क करने का निर्णय लेते हुए जुलाई से सितम्बर 2022 तक निशुल्क लगाए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एनएस चौहान ने स्वास्थ्य कर्मचारियों से आहवान किया कि वह घर-घर जाकर लोगों को प्रकोशन डोज लगवाने के लिए प्रोत्साहित करें।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके चौधरी, आरएमओ डॉ संतोष पाठक, सुनील जैन एलडीसी फार एमआईएस सहित जिला अस्पताल का चिकित्सकीय स्टाफ मौजूद था।

# पन्ना पुलिस ने हत्या के प्रयास के तीनो आरोपियों को तीन दिवस के अन्दर किया गिरफ्तार

दिनांक 23.07.2022 को फरियादी द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि फरियादी के भाई एवं फरियादी की लडकी तथा बहन के साथ आरोपीगणों द्वारा पुरानी विवाद को लेकर हत्या करने के प्रयास से लाठी एवं बका से मारपीट कर प्रांणघातक चोटे पहुचाँई गई है एवं बुरी-बुरी गालियाँ देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में 03 आरोपीगणों के विरूद्ध हत्या का प्रयास करने, जान से मारने की धमकी देने एवं गाली गलौज करने का अपराध क्र.278/2022धारा पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

थाना प्रभारी पवई निरीक्षक डी.के. सिंह द्वारा तत्काल उक्त घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा घटना को गम्भीरता से लेते हुए प्रकरण के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह ,अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन मे उपरोक्त प्रकरण




के आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी पवई निरीक्षक डी.के. सिंह के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित की गई थी । विवेचना के दौरान उपरोक्त पुलिस टीम को दिनांक 26.07.2022 को हत्या के प्रयास के फरार आरोपियों के बारे मे मुखबिर से जानकारी मिलने पर उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26/07/2022 को ग्राम महेडा मे दबिश देकर प्रकरण के सभी तीनो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर उनसे पूँछताछ की गई,आरोपीगणो ने पूँछताछ में अपराध करना स्वीकार किया । उपरोक्त तीनो आरोपियो के विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने पर उनको गिरफ्तार किया जाकर आरोपीयो के कब्जे से हत्या के प्रयास की घटना मे प्रयुक्त दो बांस की लाठी जिसमें खून जैसे धब्बे लगे है एवं एक लोहे का बका जिसमे खून जैसा धब्बा लगा है को आरोपीगणो से पृथक पृथक जप्त किया गया । उपरोक्त घटना के तीनों आरोपीगणो को आज दिनाँक 27.07.2022 को माननीय न्यायालय पवई के समक्ष पेश किया गया जहाँ से सभी आरोपीगणो को माननीय न्यायालय के आदेश से उपजेल दाखिल कराया गया ।

आरोपीगणो के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त दो बांस की लाठी जिसमे खून जैसे धब्बे लगे है एवं एक लोहे का बका जिसमे खून जैसा धब्बा लगा है जप्त किया गया है । उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक डी.के.सिंह, उपनिरी. वहीद अहमद खान , उनि के पी रजक , प्रआर. 218 गनेश सिहं , चालक प्रआर. 128 नागेन्द्र, प्रआर 78 कृष्णकात ,आर 279 दीपक मिश्रा ,आर 616 रंजीत,आर 742 राकेश ,आर 385 राजू आर 535 महेश चौहान.आर 41 विजय बिल्लौरे, आर221 धन सिंह एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे से**

# मोहन सिंह राठौर द्वारा सभी जनपद सदस्यों को अध्यक्ष उपाध्यक्ष को गरीब शोषित पीड़ित उपेक्षित जनता की सेवा करने का संकल्प दिलाया

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी को बड़ी शिकस्त देते हुए हैं भितरवार विधानसभा क्षेत्र के भितरवार जनपद में जनपद अध्यक्ष पद हेतु लक्ष्मीनारायण जाटव उपाध्यक्ष पद पर जगमोहन प्रजापति विजई हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा अपनी विजय पर भारतीय



जनता पार्टी के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जी प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट और वरिष्ठ भाजपा नेता और सभी जनपद सदस्यों को एक माला में पिरोने वाले मोहन सिंह राठौड़ जी का हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है मोहन सिंह राठौर द्वारा सभी जनपद सदस्यों को अध्यक्ष उपाध्यक्ष को गरीब शोषित पीड़ित उपेक्षित जनता की सेवा करने का संकल्प दिलाया गया सभी एकजुट होकर भितरवार के विकास और गरीब की लड़ाई लड़ते हुए 2023 के मिशन को पूरा करेंगे भारतीय जनता पार्टी की जन हितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे! इस अवसर पर भितरवार विधानसभा के जनपद सदस्य ग्राम हरसी श्री इन्दर आदिवासी ग्राम खोर, मुसाहरी श्री मती सुनीता रावत हाकिम सिंह रावत,ग्राम मस्तूरा श्री दीपक-पूरन सिंह शाक्य, ग्राम खेड़ा, पलायछा केशकली- श्री नरेन्द्र सिंह जाटव, ग्राम भारस, बड़ेराभारस श्री मती सुलेखा- श्री रविन्द्र सिंह गुर्जर, ग्राम नोनकीसराय श्री कमल सिंह कुशवाह ग्राम कैंथी श्री मती मनीशा- श्री भरत कुशवाह, ग्राम बामरोल, बांसोड़ी श्री मती रेखा -श्री रिंकू रावत,ग्राम लदवाया श्री परमाल जाटव ग्राम भौरी, ररूआ श्री मती पूजा जाटव-श्री भारत जाटव,ग्राम अमरौल श्री पपेन्द्र सिंह रावत ग्राम -किशोरगढ़ रामकटोरी जाटव-भगवन्त सिंह जाटव एवं 2023 में मध्यप्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी और कांग्रेस का फिर से पतन किया जाएगाद्य

# लहार-रौन जनपद में भी लहराया डा.गोविन्द सिंह का परचम

## दोनों जनपद पंचायत अध्यक्ष की आसंदी के लिए निर्विरोध जीते कांग्रेस उम्मीदवार अपनी लाज भी नही बचा पाई भाजपा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**–ग्वालियर-चम्बल अंचल में नगरीय निकाय चुनाव के नतीजों में कांग्रेस को मिली बड़ी सफलता के नायक रहे मध्य प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष डाक्टर गोविन्द सिंह ने एक बार फिर अपनी सियासी चातुर्यता का लोहा मनवा दिया है।अलबत्ता नगरीय निकायों के बाद हुए जनपद अध्यक्ष चुनाव में भिण्ड जिले की लहार तथा रौन जनपद अध्यक्ष की आसंदी पर कांग्रेस उम्मीदवारों की निर्विरोध जिताकर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा को करारा झटका दिया है।जिसमे भाजपा अपना प्रत्याशी तक खड़ा नही कर सकी और अपनी लाज बचाने में नाकामयाब रहे भिण्ड जिले की लहार जनपद पंचायत अध्यक्ष की आसंदी के लिए कांग्रेस की उम्मीदवार श्रीमती मीनासिंह पत्नि मानवेंद्रसिंह (मोंटी)को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया



जबकि रौन जनपद पंचायत अध्यक्ष की आसंदी के लिए कांग्रेस उम्मीदवार हरनामसिंह गुर्जर निर्विरोध चुने गए हैं।वहीं लहार जनपद से उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर दयाल कौरव निर्विरोध निर्वाचित किया गया तो वहीं रौन में ग्यासी कुशवाहा को निर्बिरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के इन नतीजों से पहले नगरीय निकाय चुनाव के नतीजों के बाद बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह का कद कांग्रेस के बड़े क्षत्रपों के मुकाबले बढ़ा है।उनके कुशल नेतृत्व का परिणाम रहा कि न केवल भिंड में भाजपा का सफाया हो गया,बल्कि ग्वालियर-चंबल संभाग में कांग्रेस को महापौर चुनाव में पहली बार कामयाबी हासिल हुई।इस कामयाबी से न केवल महल का तिलस्म टूटा,बल्कि मुरैना में भी केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के वोट बैंक में सेंध लगा दी।डॉक्टर गोविंद सिंह ने ग्वालियर महापौर चुनाव में कांग्रेस को कामयाबी दिला कर यह संदेश दे दिया है कि सिंधिया के कांग्रेस में रहने की वजह से अपना जनाधार भिंड तक ही सीमित रखा था।कांग्रेस महल मुक्त हो गई है।यही वजह रही कि 57 साल बाद कांग्रेस ने ग्वालियर के इतिहास को पलट दिया।पूरे चुनावी परिदृश्य पर नजर डालेंए तो इस चुनाव में ग्वालियर-चम्बल में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह की बदौलत ही सियासी हालात यह बन गए कि सत्ताधारी दल के बड़े-बड़े दिग्गजों की रणनीति धरी की धरी रह गई।

## सेवड़ा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर बीजेपी का कब्जा श्रीमती रविता जाटव अध्यक्ष सुनील बुधौलिया निर्विरोध निर्वाचित घोषित



**विवेक सेन दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

सेवड़ा में भी जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा का कब्जा। सेवड़ा जनपद में भी हुआ निर्विरोध निर्वाचन। श्रीमती रविता रुस्तम जाटव अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया के छोटे भाई सुनील बुधौलिया बने निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष सेवड़ा एसडीएम अनुराग निगवाल ने प्रमाण पत्र किए वितरण

## वेक्सीनेशन महाभियान मे मप्र चैबर ऑफ़ कॉमर्स का योगदान



### 366 लोगो ने लगवाया सुरक्षा का टीका

**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** शहर ने दिखाया चैबर पर भरोसाशहर मे सबसे ज्यादा डोज लगे चैबर भवन मे15 माह (6 अप्रेल 2021) से निरंतर जारी है वेक्सीनेशनकल 28 जुलाई को भी होगा चैबर मे वेक्सीनेशन18 वर्ष से अधिक आयु के लोगो को पहला दूसरा या बूस्टर डोज लगेगा चैबर भवन मेवेक्सीनेशन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तकअपने नहीं लगवाई है वेक्सीन तों नहीं करे विलम्ब और अपना निर्धारित डोज लगवाए

### एक शाम महादेवजी के नाम

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** – कगलीपुरा एक शाम महादेवजी माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन देवासी रायका समाज कनकपुरा रोड़ कगलीपुरा गौशाला परिसर मे सोमवार शाम को आयोजित किया गया ।सर्वप्रथम गायक कलाकार सरवन माली द्वारा गणेश वंदना के साथ चुन्नीलाल, बगदाराम सीरवी मुकेश नाथ,राजूराम सीरवी, आ.जे .रमसा, हनुमान, ओमप्रकाश की ओर से राजस्थानी लोक भजनों की प्रतुति देकर श्रंदालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया ।आयोजनकर्ता द्वारा समाजसेवी सुरेश सेंणचा का बहुमान किया ।इस दौरान सुरेश सेंणचा ने कहा की सब एक रहें ।एकता में ताकत होती है । ये सावन महिने के दुसरे सोमवार के उपलक्ष में आयोजित किया गया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में सर्व समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे



# आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई

**सुनील कुमार अहिरवार**
**पुष्पांजली टुडे**

**निवाड़ी।** निवाड़ी जिले में जन सुनवाई की गई आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय निवाड़ी पर कलेक्टर कार्यालय में आज जनसुनवाई आयोजित की गई कलेक्ट्रेट परिसर निवाड़ी में डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।





जनसुनवाई में आम जनता से प्राप्त पेंशन उपचार सहायता खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने गरीबी रेखा में नाम शामिल करने सीमांकन विधवा तथा दिव्यांग पेंशन राहत राशि के वितरण जाति प्रमाण पत्र तथा सेवानिवृत्ति करमचारी के भविष्य निधि के भुगतान सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई


## महेन्द्र मुणोत ने शिक्षण सामग्री का किया वितरण

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू** –सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय शमाना गार्डन मैं आयोजित प्रतिभा कारंजी कार्यक्रम मैं विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। पाठशाला के शिक्षकों ने मारूति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विद्यार्थियों में शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। शिक्षकों ने महेंद्र मुणोत को धन्यवाद दिया।

## आधी रात को लोडिंग में बैठा कर ले गया किशोरी को , ताऊ के लड़के के घर ले जाकर किया बलात्कार



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– फिजीकल थाना क्षेत्र की कॉलोनी में रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ बलात्कार की घटना सामने आई है। यहां बलात्कार करने वाला आरोपित भी नाबालिग है। मामले में पुलिस ने एक सहयोगी सहित बलात्कार करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 23 जुलाई को ?फिजीकल क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को एक नाबालिग आधी रात को अपने एक साथी के साथ लोडिंग वाहन से आया और उसे उठाकर ले गया। यहां वह अपने ताउजी के लड़के के कमरे पर नाबालिग को ले गया और बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया। बलात्कार के बाद आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी और पोहरी बस स्टैंड पर छोड़ गया। घर पहुंचने पर किशोरी ने घटना के बारे में परिजनों को बताया और मामले को लेकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। यहां पुलिस ने केस दर्ज कर घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

# नशा करोगे तो शरीर के साथ समाज का भी नाश होगा

## अमर खोआ गांव में नशा मुक्त सहरिया समाज सहसंकल्प कार्यक्रम आयोजित

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक के दौरान एनजीओ के प्रतिनिधियों से कहां है कि नशा मुक्ति के क्षेत्र में एनजीओ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं इसी क्रम में शक्तिशाली महिला संगठन की टीम द्वारा सहरिया आदिवासी बस्तियों में नशा मुक्ति के क्षेत्र में जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्ति अभियान के तहत बुधवार को अमरखोआ गांव में नशा मुक्त सेहरिया समाज सहसंकल्प कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एक सैकड़ा किशोर महिलाएं, पुरुष



तथा बच्चों ने भाग लिया। इसके साथ शक्ति शाली महिला संगठन की पूरी टीम एवं आज संस्था के नशा मुक्ति अभियान के ब्रांड एंबेसडर अखयराज आदिवासी ने मुख्य भूमिका निभाई।

कार्यक्रम संयोजक शक्ति शाली महिला संगठन रवि गोयल ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य ग्राम अमरखोया में एक युवा अखेयराज आदिवासी जो की सावन के महीने में कावड़ लेकर आया उसने एक दिन भी नशा नही किया ये बात वो शान से पूरे समुदाय के सामने बोला जिसको की आज शक्तिशाली महिला संगठन एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर सेहरिया समाज में नशा मुक्त अभियान का ब्रांड एमेस्डर नियुक्त किया जो अब खुद नशा नही करेंगे एवं आदिवासी समुदाय से इस कलंक को मिटाने के लिए आगे आए। उन्होंने कहा की नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को समाप्त करने के लिए समाज को एकजुट होना होगा। शराब की तुलना कीचड़ के पानी से करते हुए कहा कि जिस तरह हम कीचड़युक्त पानी का सेवन नहीं करते हैं उसी तरह शराब का भी सेवन बुरी चीज है। नशा जहां स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है वहीं घर-परिवार की सुख-शांति छीन लेती है। बच्चों के भविष्य को चौपट कर देती है। कार्यक्रम के दौरान सहरिया परिवारों की महिलाएं, बच्चों, पुरुषों को यह शपथ दिलाया गया- मैं आजीवन शराब का सेवन नहीं करूंगा- मैं कर्तव्य पर उपस्थित रहूं या नहीं रहूं अपने दैनिक जीवन में भी शराब की किसी भी गतिविधियों में शामिल नहीं रहूंगा। न खुद नशा करूंगा और न दूसरे को नशा करने के लिए प्रेरित करूंगा।

## निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए राधेश्याम नखाते



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत लाड़सा पंचायत के वार्ड नं 13 के पंच राधेश्याम नखाते निर्विरोध रूप से उपसरपंच के लिए निर्वाचित हो गए। उपसरपंच पद के लिए एकमात्र नामांकन पत्र जमा किया गए। जिसमें पिठासिन अधिकारी द्वारा राधेश्याम नखाते को ग्राम पंचायत के उपसरपंच के रूप मे घोषित किया गया। एवम सभी समर्थको में उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान सरपंच गीता कालबेले, पंच वार्ड नं 1 कमलेश वयदे , वार्ड 2 सविता/योगेश कुमार , वार्ड 4 विजय उयके , वार्ड 5 अनिल उरोड़े, वार्ड नं 6 श्याम कालबेले, वार्ड नं 7 कमला बाई राऊत, वार्ड नं 8 बृजलाल मृस्कोले, वार्ड नं 9 गीताबाइ ढोंगे, वार्ड नं 11 वंकटराव नखाते, वार्ड नं 12 अजय रावते, वार्ड नं 13 राधेश्याम नखाते, वार्ड नं 14 कृष्णा कुमार नखाते, वार्ड 15 सविता नरेन्द्र नाकतोड़े, वार्ड नं 16 हेमलता विनोद कंकरायने ने बधाइयां दी, वहीं वार्ड नं 3, 10 और 17 में रिक्त पंच हैं।




# शांति समिति भी 'हर घर तिरंगा' अभियान में करेगी बढ़-चढ़कर सहयोग



ग्वालियर। हर घर तिरंगा÷ अभियान में शांति समिति के सदस्यगण भी सक्रिय भूमिका निभायेंगे। शांति समिति के सदस्यगण ध्वज खरीदकर अपने घरों व संस्थानों के ऊपर फहरायेंगे। साथ ही औरों को भी इस राष्ट्रीय अभियान में शामिल होने के लिये प्रेरित करेंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने इस आशय का भरोसा दिलाया। बैठक में सदस्यों से आग्रह किया गया कि झण्डा संहिता का पालन और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान व गरिमा का ध्यान रखते हुए अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराएँ।

बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जानकारी दी कि ग्वालियर जिले में भी आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत आयोजित हो रहे ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के तहत जिले के लगभग 4 लाख घरों व संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का लक्ष्य रखा गया है। सभी की भागीदारी से ही यह संभव होगा। शांति समिति के सदस्यों ने जन आंदोलन का रूप देकर ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान में सहयोग देने का भरोसा बैठक में दिलाया।

शांति समिति की बैठक में मोहर्रम, रक्षाबंधन व भुँजरिया मेला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, झूलेलाल महोत्सव, माता मरियम का जन्मोत्सव, गणेश महोत्सव आदि त्यौहारों को हमेशा की तरह शांति, सदभाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील भी जिलेवासियों से की गई ।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि अगले दो महीनों तक बड़ी संख्या में धार्मिक त्यौहार पड़ेंगे। इसलिये नगर निगम सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी पूरी गंभीरता और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी व्यवस्था बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, मूर्ति विसर्जन वाले जलाशयों पर विशेष इंतजाम और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर विशेष बल दिया।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित गढ़पाले व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

## 'हर घर तिरंगा' अभियान को जन आंदोलन बनाया जायेगा

### जिले में 4 लाख घरों और प्रतिष्ठानों पर फहराया जायेगा राष्ट्रीय ध्वज

### 11 से 17 अगस्त तक चलेगा विशेष अभियान

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाए जाने वाले ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के तहत 4 लाख राष्ट्रीय ध्वज फहराए जायेंगे। इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर हमें राष्ट्र भक्ति की भावना जन - जन में पैदा करना है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बुधवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में यह आह्वान किया है।

हर घर तिरंगा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रत्येक वार्ड के प्रभारी अधिकारी, नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारी, डब्ल्यूएचओ, बीएलओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भी उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत इस अभियान को हमें जिले में सभी की सहभागिता से क्रियान्वित करना है। जिले के हर घर में 11 अगस्त को पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र ध्वज फहरे, इसके लिये नागरिकों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है कि वे अपने - अपने क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड की टीम गठित करें। इस टीम में बीएलओ, डब्ल्यूएचओ, नगर निगम का क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय पार्षद एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को जोड़ा जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी निर्देशित किया है कि अनुविभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में वार्ड वार बैठकें भी आयोजित कर जनमानस को इस अभियान से जोड़ने की पहल करें। अभियान के तहत न केवल हर घर बल्कि हर शासकीय व निजी कार्यालयों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए, ऐसा प्रबंधन करें। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराए जायेंगे। बीएलओ के नेतृत्व में पूरा दल घर - घर जाकर संपर्क करेगा और नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराने के साथ ही आग्रह करेगा कि वे 11 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज पूरे सम्मान के साथ फहराए।

## नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत वायु सुधार कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



ग्वालियर। ग्वालियर शहर की एयर क्वालिटी में 13 प्रतिशत की सकारात्मक सुधार होने पर संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सभी अधिकारियों को बधाई दी है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार कार्यों की सिटी डेवलपमेंट यूनिट की बैठक संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित हुई।

संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में शहर में प्रदूषण नियंत्रण के लिये किए जा रहे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक श्री योगेश कुमार सक्सेना, क्षेत्रीय अधिकारी राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल श्री एच एस मालवीय, सिटी प्लानर नगर निगम श्री पवन कुमार सिंघल के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने बैठक में कहा कि पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट केन्द्र की स्थापना एवं उच्च गुणवत्ता परीक्षण केन्द्रों की स्थापना अतिशीघ्र बढ़ाने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र में ईंट चिमनी भट्टों से हो रहे प्रदूषण को रोकने की कार्रवाई जिला खनिज अधिकारी करें।

संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने यह भी कहा कि नगरीय क्षेत्र में स्थापित इंडस्ट्रीज को सीएनजी से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने नगर निगम के माध्यम से शहर में किए जा रहे प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्वालियर शहर में प्रदूषण एवं वायु क्वालिटी में सुधार कार्य के लिये ग्वालियर को प्रदेश में अव्वल स्थान मिला है। इसके साथ ही केन्द्र द्वारा ग्वालियर को मिलने वाली अनुदान राशि को भी बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया है।

## संसद में शेजवलकर ने अग्निपथ योजना को बताया सेना के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



ग्वालियर। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने मंगलवार को संसद में नियम 377 के अंतर्गत चर्चा में भाग लेते हुए केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना को भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है।

उन्होंने अपने व्यक्तव्य में उल्लेख किया कि यह योजना देश की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के साथ ही देश सेवा व सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराएगी। योजना से भारतीय सेना में युवा शक्ति का विस्तार होगा। प्रशिक्षित, अनुशासित, संस्कारित और देश भक्त युवाओं की टीम तैयार होगी। चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात् इन अग्निवीरों को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी। मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इन अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में प्राथमिकता देने की घोषणा की है। अग्निपथ योजना सैन्य आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होने बाद भी योजना का अकारण विरोध चिंतनीय है।

## निगमायुक्त श्री कन्याल ने किया निरीक्षण, गंदगी मिलने पर लगाई फटकार

ग्वालियर। ग्वालियर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने मुरार लाल टिपारा स्थित नगर निगम के पार्क का निरीक्षण किया जहां अंकुर अभियान के तहत पौधारोपण करने के निर्देश पार्क अधिकारी श्री मुकेश बंसल को दिए। इस दौरान नगर निगम के उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्वालियर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा नियमित किए जा रहे निरीक्षण के तहत आज बुधवार को लाल टिपारा गौशाला के साथ ही गोला का मंदिर मार्क हॉस्पिटल गौशाला का निरीक्षण किया और गौवंश के रखरखाव से संबंधित बिन्दुओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



इसके साथ ही निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने हजीरा चौराहा पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए दुकानों पर गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और दुकानदारो को फटकार लगाई, साथ ही दुकानदारो से ही गंदगी साफ करवाई गई।

इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने हजीरा स्थित इंटक मैदान सब्जी मंडी का निरीक्षण किया और गंदगी करने वाले सब्जी विक्रेताओं से नाराजगी व्यक्त करते हुए सब्जीमंडी में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित रुप से निरीक्षण करने तथा गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अंकुर अभियान के तहत हरियाली अमावस्या पर वृहद स्तर पर होगा पौधरोपण

**जगह-जगह ओढ़ाई जायेगी हरीतिमा की चादर**

ग्वालियर। अंकुर अभियान के तहत 28 जुलाई हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण कर हरीतिमा की चादर ओढ़ाई जायेगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं जिले को हरा-भरा करने के लिये इस पुनीत अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि गणमान्य नागरिक स्वैच्छिक व सामाजिक संगठन तथा सरकारी विभाग सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर इस अभियान को सफल बनाएँ। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के लिये वृक्षारोपण का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने बताया कि अंकुर अभियान के तहत इस साल नगर निगम, कृषि विकास व किसान कल्याण को 2 - 2 लाख, वन, पुलिस, स्कूल शिक्षा, जिला शिक्षा केन्द्र, मंडी बोर्ड, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नापतौल विभाग को एक - एक लाख तथा जिला उद्योग केन्द्र को एक लाख 40 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा महिला बाल विकास व जल संसाधन विभाग के लिए 50 - 50 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ-साथ अन्य विभागों को 500 से लेकर 30 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है।

**वायुदूत एप पर पौधरोपण के फोटो अपलोड करने का आग्रह**

अंकुर अभियान के तहत हरियाली अमावस्या को रोपे जाने वाले सभी पौधों की जानकारी वॉट्सएप नम्बर 8103853351 पर या ईमेल ष्ङ्मश5श्चद्द2ड्डद्वद्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर भेजने के लिये भी कहा गया है। अंकुर अभियान से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया गया है कि गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत एप अवश्य डाउनलोड करें और उस पर वृक्षारोपण का पंजीयन भी कराएँ। साथ ही पौधरोपण के बाद पौधे के साथ अपना फोटो भी अपलोड करें।

### 30 जुलाई को मनेगा अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस

ग्वालियर। राज्य आनंद संस्थान के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में भी 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान मित्रता पर केन्द्रित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जायेगा।

### प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट द्वारा जुर्माने की राशि जमा न करने पर निगम की विज्ञापन शाखा ने किया धारा 173 के तहत नोटिस जारी

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2022 को डिवाईडर पर स्थापित विद्युत पोलों पर बिना अनुमति के अवैध रूप से क्योस्क लगाकर विज्ञापन किये जाने पर 18 लाख 14 हजार 400 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया था। जिसको लेकर प्रेस्टीज संस्थान को अब निगम प्रबंधन द्वारा धारा 173 के तहत जुर्माना राशि सात दिवस में जमा करने का नोटिस जारी किया गया है। सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता एवं उपायुक्त श्री सुनील चौहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चौहान के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर द्वारा स्टेशन चौराहा पोस्ट ऑफिस से गोले का मंदिर चौराहा तक डिवाईडर पर स्थापित विद्युत पोलों बिना अनुमति के क्योस्क लगाकर विज्ञापन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 के अंतर्गत अपराध कारित करने की श्रेणी में आता है। अतः डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर पर 18 लाख 14 हजार 400 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है तथा संबंधित को जारी नोटिस में निर्देश दिये गए हैं यहि सात दिवस के अंदर जुर्माने की राशि जमा नहीं की जाती है। तो 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी वसूल किया जाएगा।

### सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग एवं विक्रय पर लगाया जुर्माना



ग्वालियर। सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध होने पर निर्माता, स्टॉकिस्ट, रिटेलर तथा विक्रेताओं पर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में निरंतर छापामार कार्यवाही की जाकर संबंधितों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह द्वारा हजीरा चौराहा वार्ड क्रमांक 12 पर गंदगी करने पर जुर्माना किया गया। जिसमें 1000 रुपए का जुर्माना संबंधित दुकानदार पर किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार जोन 5 के जोनल हेल्थ ऑफीसर बिसंबर क्रोशिया जॉन क्रमांक 4 के जोनल हेल्थ ऑफिसर रवि करोसिया वार्ड क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 12 डब्ल्यूएचओ साथ में कार्रवाई में उपस्थित थे।

### शहर की विभिन्न सडकों पर किया मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य



ग्वालियर।बरसात के कारण सडक में हुए गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों पर मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य किया गया। सहायक यंत्री पेच रिपेयरिंग शाखा श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर के नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिये, शहर के मुख्य सड़कों के गड्ढों को तेजी से भरने के लिए मुरम डालकर सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के क्रम में आज बुधवार को वार्ड 50 झूलेलाल मंदिर माधवगंज, गजराजा कॉलेज में मुरम डालकर गड्ढों को भरा गया। साथ ही गोरखी में ताजिया बाडा, नूर मस्जिद के सामने, खजूरी वाली माता ए ब्लॉक आनंद नगर, आदित्यपुरम, नाका चन्द्रबदनी से संभागीय कार्यालय तक, गोवर्धन कॉलोनी, वार्ड 19 में, वार्ड 24 विशाल मेगामाट के पीछे चौहान प्याऊ बैंक कॉलोनी, हरीशंकरपुरम, वार्ड 15 माँ वैष्णोपुरम, प्रीतमपुर कॉलोनी गली नम्बर 4 वार्ड 52, यादव धर्मकांटा के पास, गांधीनगर मैन रोड, राधाविहार कॉलोनी मैन रोड, न्यू जीवाजी नगर, रोशनीघर रोड पर मुरम डालकर गड्ढों को भरा गया साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में सडक संधारण का कार्य भी किया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478